
दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित >>> दिल्ली >>> गाजियाबाद >>> नोएडा >>> ग्रेटर नोएडा >>> हापुड़ >>> अमरोहा >>> बागपत >>> मेरठ >>> मुजफ्फर नगर >>> बिजनौर >>> मुरादाबाद >>> बुलंदशहर >>> अलीगढ़ >>> फरीदाबाद >>> गुड़गांव >>> सोनीपत RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 36 डिग्री
न्युनतम तापमान 28 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 38 डिग्री
न्युनतम तापमान 27 डिग्री

शनिवार 19 जुलाई 2025
सुर्योदय प्रातः 05 :35 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 21 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज




पृष्ठ 4 जम्मू-कश्मीर में इतिहास का विवाद

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्षः 16 | अंक : 274 | गाजियाबाद, शनिवार 19 जुलाई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 | CSDC | Paytm
Cred | PhonePe | Google Pay
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE




# कौन बनेगा करोड़पति हमेशा से ज्ञान और उससे मिलने वाले आत्म-सम्मान का उत्सव रहा है

✷ वेबवार्ता. मुंबई ✷



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) हमेशा से ज्ञान और उससे मिलने वाले आत्म-सम्मान का उत्सव रहा है।

कौन बनेगा करोड़पति' एक बार फिर अपने नए सीज़न के साथ भव्य वापसी के लिए तैयार है। अमिताभ बच्चन एक बार फिर केबीसी को होस्ट करने के लिए तैयार हैं। केबीसी का नया सीजन 11 अगश्त से सोमवार से शुक्रवार रात नौ बजे प्रसारित होगा। केबीसी सीज़न 17 के लिए एक नया प्रेरणादायक अभियान लॉन्च किया है, जिसका शीर्षक है 'जहां अक़्ल है, वहां अकड़ है'। इस अभियान का निर्देशन विकास बहल ने किया है। अमिताभ बच्चन ने कहा, कौन बनेगा करोड़पति हमेशा से ज्ञान और उससे मिलने वाले आत्म-सम्मान का उत्सव रहा है। इस वर्ष का कैंपेन 'जहां अक़्ल है, वहां अकड़ है' इस भावना को बेहद खूबसूरती से सामने लाता है, और लोगों को अपने बौद्धिक सामर्थ्य पर गर्व करने और आत्म-विश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। विकास बहल ने कहा, कौन बनेगा करोड़पति हमेशा से केवल एक क्विज़ शो नहीं रहा है, बल्कि यह भारत की बदलती सोच का दर्पण रहा है। आज का भारत आत्म-निर्भर है क्योंकि ज्ञान उसे साहस, आत्म-विश्वास और अर्जित सम्मान देता है। और जब आपके पास अक़्ल होती है, तो थोड़ी बहुत अकड़ या कहें 'स्वैग' आना स्वाभाविक है। यह घमंड नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि 'मैं भी कर सकता हूं'।

## वेतनभोगियों के लिए आईटीआर- 2 दाखिला शुरू

**एनसीआर टुडे. नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि आयकरदाता अपने रिटर्न फॉर्म - आईटीआर-2 विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर आज से दाखिल कर सकते हैं। विभाग की ओर से जारी एक सूचना में कहा गया है कि ई- फाइलिंग पोर्टल पहले से भरे गए डेटा के साथ आईटीआर -2 ऑनलाइन माध्यम से दाखिल करने के लिए चालू हो चुका है।

आईटीआर-2 फॉर्म उन व्यक्तियों और अविभाजित हिंदू परिवारों (एचयूएफ ) में के लिए है जो 'व्यापार या पेशे से लाभ और प्राप्ति' को छोड़ कर अन्य स्त्रोतों से आय प्राप्त करते हैं। इस तरह वेतन और पेंशन तथा मकान के किराए (एक से अधिक मकान ) जैसे स्त्रोतों से आय कमाने वाले व्यक्ति पहले से भरे डेटा वाले आईटीआर-2 फॉर्म भरने के पात्र हैं।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने दोषी ठहराने की वैधता को दी चुनौती

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने दिल्ली के अपने आधिकारिक आवास पर नकदी बरामद होने के मामले में दोषी ठहराए जाने की कार्रवाई की वैधता को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति वर्मा ने एक रिट याचिका दायर कर अपने मामले में गठित न्यायाधीशों की एक विशेष समिति की आंतरिक जाँच रिपोर्ट में दोषी ठहराए जाने की कार्रवाई की वैधता को चुनौती दी है। उन्होंने याचिका में आंतरिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया से इनकार करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने न्यायाधीशों उक्त समिति की जाँच शुरू करने से पहले औपचारिक शिकायत दर्ज न किए जाने का मुद्दा भी उठाया। न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि 22 मार्च, 2025 को उनके खिलाफ आरोपों का खुलासा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति अपलोड करने के शीर्ष अदालत के कृत्य से मीडिया में तीखी अटकलें लगाई गईं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और गरिमा धूमिल हुयी है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित न्यायाधीशों की समिति ने उन्हें आरोपों का खंडन करने या गवाहों से जिरह करने का अवसर नहीं दिया। उन्होंने तर्क दिया कि उन्हें हटाने की सिफारिश बिना किसी व्यक्तिगत कारण के अपना पक्ष रखने का अवसर दिये की गई है।

## पश्चिम बंगाल के विकास की राह में दीवार है टीएमसी सरकार, ढहाने की जरूरत : मोदी

✷ वेबवार्ता. दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल ) ✷



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सरकार को राज्य में निवेश रोजगार और विकास की 'राह में बाधक दीवार' बताते हुए कहा कि टीएमसी की दीवार ढहेगी तभी राज्य प्रगति के राश्ते पर बढ़ पाएगा। श्री मोदी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि टीएमसी के भ्रष्टाचार , उगाही और अराजकता के कारण देश और दुनिया के निवेशक साधन सम्पन्न पश्चिम बंगाल में निवेश से डरते हैं।

कभी उन्नत औद्योगिकी प्रदेश रहे इस प्रांत में दुर्गापुर और आसनसोल औद्योगिक बेल्ट में उद्योग बंद हो रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को रोजी रोटी के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ रहा है।

श्री मोदी ने कहा, ' मैं यकीन दिलाने आया हूं कि पश्चिम बंगाल की स्थित को बदला जा सकता है। भाजपा के सत्ता में आने के कुछ ही वर्ष में पश्चिम बंगाल देश का एक सबसे उन्नत औद्योगिक राज्य बन सकता है।" उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल पहले निर्यात का केंद्र था। यहां प्राकृतिक संसाधन है। राज्य में मेक इन इंडिया को शक्ति देने के हर साधन मौजूद है पर पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार विकास की राह में दीवार बन कर खड़ी है। जिस दिन यह दीवार गिरी , राज्य नयी गति से आगे बढ़ेगा। टीएमसी शासन की दीवार गिरेंगी तो बदलाव आएगा।" उन्होंने असम और त्रिपुरा में भाजपा सरकारों के नेतृत्व में तेज गति से हो रहे विकास का उल्लेख करते हुए पश्चिम बंगाल से जनता से भाजपा को अवसर देने, राज्य में परिवर्तन लाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया को भारत से पहली महिला एलोपैथिक चिकित्सक देने वाले इस राज्य में आज बेटियां अस्पताल और कालेजों में सुरक्षित नहीं है। उनके खिलाफ अत्याचार करने वालों को टीएमसी के नेता और सरकार बचाने में लग जाते हैं। उन्होंने राज्य के लोगों से भाजपा को एक मौका देने की आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा को सरकार का मौका मिला तो राज्य कुछ ही वर्ष में पुनः औद्योगिक रूप से अग्रणी राज्यों में होगा। श्री मोदी ने कहा , ' टीएमसी की सरकार ने बंगाल की एजुकेशन व्यवस्था को अपराध और भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया है।

## संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को होगी सर्वदलीय बैठक

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। केंद्र सरकार ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले यानी 20 जुलाई, रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए यह बैठक बुलाई गयी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, संसद भवन एनेक्सी के मुख्य बैठक कक्ष में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों के फ्लोर लीडर को आंमत्रित किया है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। बैठक में सरकार सभी दलों के समक्ष आगामी मानसून सत्र का एजेंडा रखेगी। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगश्त तक प्रश्तावित है। इसमें कुल 21 बैठकें होंगी। 12 से 18 अगश्त तक कोई बैठक नहीं होगी। इसमें सात लंबित विधेयकों को विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। आठ विधेयकों को पुरःस्थापन, विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

## पहलगाम मुद्दे पर दो दिन हो संसद में चर्चा : कांग्रेस

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके बाद शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर के विभिन्न पक्षों पर विचार-विमर्श के लिए संसद में कम से कम दो दिन तक चर्चा करायी जानी चाहिए। पार्टी ने आज यहां कहा कि इस मुद्दे ने पूरे माहौल को गहराई से प्रभावित किया है। देश का हर नागरिक इसके विभिन्न पक्षों की पड़ताल कर असलियत जानना चाहता है, इसलिए इस मुद्दे पर संसद में व्यापक विचार किया जाना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, "जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले पर हमें कम से कम दो दिन की बहस और चर्चा करनी होगी। हमारे सामने कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर चर्चा की आवश्यकता है।

## रॉबर्ट वाड्रा मनी लॉनड्रिंग मामला : राउज ऐवेन्यू कोर्ट में सुनवाई टली

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े बहुचर्चित मनी लॉनड्रिंग मामले में राउज ऐवेन्यू कोर्ट में होने वाली सुनवाई टाल दी गई है। कोर्ट ने अब इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 जुलाई 2025 की तारीख तय की है। कोर्ट ने अहलमद (न्यायालय रिकॉर्ड अधिकारी) से मामले से जुड़े दश्तावेजों की रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट पूरी न होने के चलते सुनवाई को टाल दिया गया। रॉबर्ट वाड्रा पर मनी लॉनड्रिंग के तहत लंदन स्थित एक संपत्ति की खरीद में कथित अनियमितताओं का आरोप है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही है। वाड्रा कई बार पूछताछ का सामना कर चुके हैं और उन्होंने आरोपों से इनकार करते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया है।

## निमिषा प्रिया मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टाली

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को यमन में मौत की सज़ा काट रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के मामले की सुनवाई 14 अगश्त तक के लिए स्थगित की है। यह निर्णय भारतीय अधिकारियों के हश्तक्षेप के बाद आया, इसके चलते 16 जुलाई को होने वाली उसकी निर्धारित फांसी को स्थगित किया गया था। निमिषा प्रिया को यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में मौत की सज़ा सुनाई गई थी, जो उसे परेशान कर रहा था। उसकी किस्मत का फैसला अब पीड़ित तलाल अब्दो महदी के परिवार पर निर्भर करता है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया हैं कि निमिषा प्रिया की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और विदेश मंत्रालय (एमईए) सक्रिय रूप से उसकी सहायता कर रहा है, जिसमें शरिया कानून के तहत क्षमादान या माफी के विकल्प तलाशना भी शामिल है।

## अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू : 7,908 तीर्थयात्रियों का नया जत्था जम्मू बेस कैंप से रवाना



✷ वेबवार्ता. जम्मू ✷

जम्मू बेस कैंप से श्री अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए स्थगित होने के बाद आज सुबह 7,908 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था 'बम बम भोले' का जयकारा लगाते हुए यात्री निवास भगवती नगर बेस कैंप से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। बालटाल मार्ग पर भूस्खलन और भारी बारिश के कारण कल जम्मू और पहलगाम-चंदनवाड़ी बेस कैंप से किसी भी जत्थे को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई थी।

हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री आज 261 वाहनों के बेड़े में बेस कैंप से रवाना हुए।

उन्होंने आगे कहा, "कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 7,908 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू बेस कैंप से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।"

उन्होंने आगे बताया कि 2,879 तीर्थयात्री पहलगाम और 5,029 तीर्थयात्री बालटाल के लिए 261 वाहनों के काफिले में रवाना हुए, जिनमें हल्के मोटर वाहन और भारी मोटर वाहन दोनों शामिल थे।

38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा दोनों मार्गों से दो जुलाई को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ शुरू हुई। यात्रा 9 अगश्त को समाप्त होगी। अब तक 2 लाख से अधिक तीर्थयात्री इस तीर्थस्थल के दर्शन कर चुके हैं।

## 'वंदे भारत एक्सप्रेस का गैर वातानुकूलित संस्करण है अमृत भारत एक्सप्रेस'

✷ वेबवार्ता. पटना ✷

दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जयंत चौधरी ने'अमृत भारत एक्सप्रेस' को 'वन्दे भारत एक्सप्रेस' का गैर वातानुकूलित संस्करण बताते शुक्रवार को कहा कि यह गरीबों और निम्न मध्य तीव्र गति से यात्रा की सुविधा मुहैया करायेगी।

श्री चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस आम लोगों को कम समय में गंतव्य तक पहुंचाएगी। यह ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का गैर वातानुकूलित संस्करण है, क्योंकि इसमें यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। हर बोगी में जगह-जगह सीसीटीवी लगाए गये हैं। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन का किराया अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों से थोड़ा ही अधिक है।

गौरतलब है कि देशभर में अबतक सात अमृत भारत एक्सप्रेस संचालित हो रही हैं, जिनमें से चार ट्रेनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आभासी माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तरह से बिहार में अब छह अमृत भारत एक्सप्रेस चलने लगी हैं। आज जिन ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ उनका किराया निम्न प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 15567 बापूधाम -आनंद विहार दिल्ली -555 रुपये, ट्रेन संख्या 22361 राजेन्द्र नगर, पटना-नयी दिल्ली -560 रुपये, ट्रेन संख्या 15561 दरभंगा -गोमती नगर, लखनऊ -415 रुपये, और ट्रेन संख्या 13435 मालदा टाउन - गोमती नगर, लखनऊ -540 रुपये।

## स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निस्तार' नौसेना में शामिल, भारत की समुद्री ताकत बढ़ेगी

### भारत हिंद महासागर क्षेत्र में 'पसंदीदा पनडुब्बी बचाव साथी' के रूप में उभरेगा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷



स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) 'निश्तार' शुक्रवार को भारतीय नौसेना के समुद्री बेड़े में शामिल हो गया।

विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में जलावतरण के बाद यह जहाज गहरे समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता के लिए पूर्वी नौसेना कमान में शामिल हो गया है। इससे न केवल समुद्र के भीतर भारत की सैन्य ताकत बढ़ेगी, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में इसकी सामरिक समुद्री स्थिति भी पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी।

कमीशनिंग समारोह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ। हिंदुश्तान शिपयार्ड लिमिटेड में 80 फीसदी स्वदेशी सामग्री और 120 एमएसएमई के सहयोग से निर्मित 'निश्तार' गहरे समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव के लिए सुसज्जित है।

इस जहाज पर विशाल डाइविंग कॉम्प्लेक्स एयर एंड सैचुरेशन डाइविंग सिस्टम के साथ मौजूद है। साथ ही पानी के अंदर रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स (आरओवी) और साइड स्कैन सोनार भी लगाया गया है, जो जहाज के परिचालन क्षेत्र को काफी हद तक बढ़ाता है। जलावतरण के बाद इसे गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता के लिए पूर्वी नौसेना कमान में शामिल किया गया है।

स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निश्तार' 08 जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। नौसेना में पहले ही 'निश्तार' नाम का एक पनडुब्बी बचाव पोत था, जिसे भारतीय नौसेना ने 1969 में तत्कालीन सोवियत संघ से हासिल करके 1971 में कमीशन किया था।

उस जहाज ने 1971 में हुए भारत-पाकिश्तान युद्ध में अहम भूमिका थी और दो दशकों की सेवा में भारतीय नौसेना के गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब गोताखोरी सहायता पोत (डीएसवी) 'निश्तार' इसी विरासत को आगे बढ़ाएगा। इस पोत की लंबाई लगभग 120 मीटर की लंबाई है और डायनामिक पोजिशनिंग सिस्टम का उपयोग करके 10 हजार टन से अधिक भार विस्थापन की क्षमता है।

इस पोत को नौसेना के बेड़े में शामिल करने से भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव तैयारियों में एक बड़ी क्षमता वृद्धि होगी।

इस जहाज में ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा इकाई, आठ बिश्तरों वाला अस्पताल और हाइपरबेरिक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। पोत में समुद्र के अंदर 60 दिनों से अधिक समय तक टिके रहने की क्षमता, हेलीकॉप्टर के माध्यम से परिचालन करने की सुविधा है।

## भाजपा ने राबर्ट वाड्रा का समर्थन करने पर राहुल गांधी पर साधा निशाना

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा के जमीन घोटाले में आरोपित राबर्ट वाड्रा के पक्ष में खुलकर आने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन पर हमला बोला है।

भाजपा प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने शुक्रवार को यहां कहा कि राहुल को राबर्ट वाड्रा के काले कारनामों की पूरी जानकारी है फिर भी वे उनका खुलकर समर्थन कर रहे हैं। भाजपा ने इस जमीन घोटाले में राहुल गांधी के भी शामिल होने का आरोप लगाया।

सिन्हा ने कहा कि जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने जो आरोप पत्र दाखिल की है, उसके अनुसार जब वाड्रा ने 58 करोड़ का जमीन सौदा



किया था उस दौरान उनकी कंपनी के खाते में सिर्फ एक लाख रुपये थे। उन्होंने कहा कि इससे लगता है कि या तो राहुल गांधी को इस सौदे की जानकारी थी या वे उसमें शामिल थे। इसी तरह यंग इंडिया कंपनी बनाई थी जिसमें 50 लाख के एवज में 2 हजार करोड़ की संपति हड़पी थी।

राहुल ने गुरुग्राम के जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉनड्रिंग मामले में ईडी द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा का खुलकर समर्थन किया। राहुल ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा था कि उनके बहनोई को पिछले 10 सालों से यह सरकार परेशान कर रही है। यह ताज़ा आरोपपत्र उसी धरपकड़ का एक और हिस्सा है।

## तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र कारतूस रखने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगीरी पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान अभियुक्त कृष्ण कुमार पुत्र गंगासहाय निवासी ग्राम मलसई थाना गंगीरी जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 33 वर्ष को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित अलीगढ कासगंज मार्ग से यादव नगर कस्बा गंगीरी जाने वाले राश्ते से गिरफ्तार किया।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने दो परिवारों को टूटने से बचाया

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में पारिवारिक समस्याओं व मतभेदों के मामलों को परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलरों द्वारा दोनों पक्षों को साथ बैठाकर उनकी समस्याओं को सुनकर दो जोड़ों के समझौते कराकर उनके परिवारों को टूटने से बचाया।

परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक श्रीमती शिखा त्यागी, काउंसलर वृजेश मिश्रा द्वारा प्रभावशाली काउंसलिंग कर कुल दो परिवारों रजिया (परिवर्तित नाम) निवासी थाना क्षेत्र रोरावर अलीगढ व जुबिन (परिवर्तित नाम) निवासी थाना क्षेत्र हरदुआगंज अलीगढ़ व महक (परिवर्तित नाम) निवासी थाना सिविल लाइन अलीगढ़ व जाहिद (परिवर्तित नाम) निवासी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को टूटने से सफलतापूर्वक बचाया।

विभिन्न पारिवारिक मतभेदों एवं घरेलू विवादों से जूझ रहे इन परिवारों को आपसी संवाद, समझदारी और परामर्श की मदद से पुनः एक सूत्र में बांधने का सराहनीय कार्य किया। इन सभी मामलों में परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने दोनों पक्षों से विश्तारपूर्वक वार्ता की, पारिवारिक मूल्यों की महत्ता को समझाया तथा सुलह-समझौते की दिशा में प्रभावी पहल कर उनका पारिवारिक जीवन संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने थाना खैर का किया औचक निरीक्षण

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन ने थाना खैर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, थाना कार्यालय के अभिलेख, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, हवालात को चेक किया।

अभिलेखों को अद्यावधिक करने, थाना कार्यालय, मालखाना व परिसर की साफ-सफाई, बेहतर जनसुनवाई कर प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निश्तारण करने एवं अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सभी सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

अमृत जैन द्वारा वांछित वारण्टी अपराधियों की धरपकड़ और तेज करने हेतु निर्देशित किया। थानों पर एक वर्ष से अधिक लम्बित विवेचनाओं को गुण दोष के आधार पर शीघ्र निश्तारण हेतु निर्देशित किया। थाना क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत नियमित फुट पेट्रोलिंग करने तथा संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी खैर श्री दुष्यंत तिवारी व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## अकराबाद को तहसील बनाया जाए

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अकराबाद को तहसील बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार को महापंचायत हुई। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अकराबाद को तहसील बनाने की मांग की काफी दिनों से की जा रही है। क्योंकि यहां के लोगों को छोटे-मोटे काम के लिए भी काफी दूर जाना पड़ता है।

सरकार सुनवाई नहीं कर रही है। अब सरकार को फैसला लेना होगा। अकराबाद को तहसील बनाने के लिए क्षेत्र के जनप्रतनिधियों के साथ ही आमजन और व्यापारी भी लगातार आवाज बुलंद कर रहे हैं। जिसके चलते शुक्रवार को सभी व्यापारियों ने बाजार बंद रखा और महापंचायत में शामिल होकर तहसील की मांग को उठाया। महापंचायत में कहा गया कि अगर सरकार ने अब उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा और क्षेत्र के लोग इस मांग को लेकर सड़कों पर उतरेंगे। आने वाले चुनावों में भी सरकार को इसका परिणाम देखने को मिलेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

महापंचायत के दौरान बताया गया कि अकराबाद ब्लाक का क्षेत्र काफी बड़ा है। यहां पर तीन नगर पंचायतें हैं और 150 गांव हैं, जिसमें लाखों की संख्या में आबादी रहती है। यहां के किसान, व्यापारी और आमजनों को छोटे से काम के लिए भी कोल और अतरौली के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

अकराबाद को तहसील बनाने के लिए दोनों तहसीलों का थोड़ा-थोड़ा हिस्सा अलग करके नई तहसील बनाने का प्रश्ताव तैयार किया गया था। बीते दिनों छर्रा विधायक ठा. रवेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में छर्रा के लोगों ने छर्रा को छठी तहसील बनाने के लिए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था।

### धौली प्याऊ की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण को पहुंचे नगर आयुक्त

# उपस्थिति में फर्जीवाड़ा मिला



✷ एनसीआर टुडे. मथुरा ✷

नगर आयुक्त जग प्रवेश के आकस्मिक निरीक्षण में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का फर्जीवाड़ा सामने आया है। वार्ड 41 में उपस्थिति पंजिका में अनियमितताएँ पाई गईं जिसमें ओवरराइटिंग की गई थी।

इस पर नोटिस जारी किया गया है। नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा महानगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 41 धौली प्याऊ का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया, साथ ही उपस्थित पंजिका की भी जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका में अनियमितताएँ पाई गईं। सफाई पर्यवेक्षक द्वारा उपस्थिति विवरण में गड़बड़ी एवं ओवरराइटिंग की गई थी, जिससे स्पष्ट हो रहा था कि कर्मचारियों की वाश्तविक उपस्थिति के साथ छेड़छाड़ की गई है। इसको गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ने संबंधित सफाई पर्यवेक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

इसके अतिरिक्त 06 कर्मचारी मौके पर अनुपस्थित पाए गए जिस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए। नगर आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी व सफाई निरीक्षक प्रातःकाल क्षेत्र में नियमित रूप से उपस्थित रहें, ताकि सफाई व्यवस्था की उचित निगरानी हो सके और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

निरीक्षण के दौरान डॉ गोपाल बाबू गर्ग नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई निरीक्षक विपिन कुमार, नेचर ग्रीन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

## मानवाधिकार आयोग से थाने में आत्महत्या की खबर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली के द्वारका नॉर्थ पुलिस स्टेशन में पुलिस द्वारा कथित शारीरिक प्रताड़ना के बाद एक व्यक्ति के आत्महत्या करने की खबरों पर पुलिस आयुक्त को नोटिस भेज कर दो सप्ताह में विश्तृत रिपोर्ट मांगी है।

आयोग ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने इस प्रणरण पर एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि आत्महत्या की यह घटना 11 जुलाई की है।

रिपोर्ट के अनुसार, एक महिला सुपरवाइजर द्वारा उस व्यक्ति के विरुद्ध चोरी की शिकायत के संबंध में उसे पूछताछ के लिए 10 जुलाई को पुलिस हिरासत में लिया गया था।

पीड़ित दिल्ली के नांगली विहार इलाके का रहने वाला था और आईपी यूनिवर्सिटी में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। उसके पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है।

## मिशन शक्ति अभियान: तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समश्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु "शक्ति दीदी" के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समश्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों, कस्बों व मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड, बाजार, गॉव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं व बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को शासन व यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विश्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है।

महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## बेकाबू कार मकान में घुसी, टक्कर से घर का पिलर टूटा

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷



गुरुवार की रात्रि बेकाबू कार एक मकान में घुस गई, लोगों के अनुसार कार की स्पीड 100 के करीब थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मकान का पिलर टूट जाने से मकान में दरार आ गई।

कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रश्त हो गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कार में सवार दो व्यक्ति मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाना अतरौली इलाके के मोहल्ला बेसपाड़ा में मोहम्मद फुरखान खान पुत्र इरफान अली का परिवार रहता है। गुरुवार की रात्रि परिवार के सदस्य घर के अंदर थे, तभी अचानक उनके मकान से सामने वाले हिस्से में एक तेज़ रफ़्तार कार टकरा गई। हादसे के बाद राहगीर और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना से इलाके में खलबली मच गई।

काफी देर तक तो लोग समझ ही नहीं पाए। आरोपी कार चालक और उसका एक साथी मौके से फरार हो गए। लोगों ने कन्ट्रोल रुम में सूचना दी।

इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। साथ ही क्रेन को बुलाकर कार को खिंचवाकर मकान से दूर करवाया। साथ ही पुलिस ने लोगों से हादसे की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की स्पीड बहुत तेज थी, जिसके कारण मकान का पिलर टूट गया। मकान में दीवार में दरार आ गई।

मकान में एक गाड़ी पहले से खड़ी थी। वह भी हादसे में क्षतिग्रश्त हो गई। मकान की हालत गिरने वाली हो गई है। कार पर यू0पी0 81 क्यू 7479 नम्बर की प्लेट लगी है, जिसके जरिए पुलिस कार मालिक की तलाश में जुटी है।

## मेयर व नगर आयुक्त ने पूजा अर्चना कर फ्लूड हैंडलिंग यूनिट व पंप सेट का किया शुभारंभ

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

बरसात के मौसम में अलीगढ़ के रामघाट रोड व छर्रा अड्डा क्षेत्र में होने वाली जलभराव की जटिल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नगर निगम ने एक और ठोस कदम बढ़ाया है।

शुक्रवार को महापौर प्रशांत सिंघल एवं नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने पार्षद वार्ड 24 बॉबी कुमार व वार्ड 25 सुनील कुमार निगम के साथ संयुक्त रूप से विधिवत पूजा-अर्चना कर दो अत्याधुनिक 83 फ्लूड हैंडलिंग यूनिट पंप सेटों व 04 डीजल चलित 30 एचपी के मोबाइल पंप का शुभारंभ किया।

इन हाई-पावर पंप यूनिटों के आगमन से जलभराव की स्थिति में बड़े सुधार की उम्मीद की जा रही है। नगर निगम द्वारा यह फ्लूड हैंडलिंग यूनिट विशेष तौर पर रामघाट रोड



शाहजमाल, मैरिस रोड गूलर रोड एवं छर्रा अड्डा जैसे अत्यधिक जलभराव प्रभावित क्षेत्रों के लिए मंगवाए गए हैं। इस यूनिट की सहायता से वर्षा के दौरान 2 से 3 घंटे के भीतर जलनिकासी की संभावना है। जिससे नागरिकों को आवागमन से राहत मिलेगी।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि इन 2 यूनिट्स को मोबाइल स्वरूप में रखा गया है ताकि आवश्यकता अनुसार इन्हें शहर के अन्य जलभराव प्रभावित इलाकों में भी प्रयोग किया जा सके। मोबाइल पंप का इश्तेमाल अस्थाई रूप से जलभराव के पॉइंट पर किया जा सकेगा। 83 हॉर्स पावर की इन दोनों यूनिट्स की विशेषता यह है कि यह भारी मात्रा में जल को कम समय में खींच सकती हैं।

नगर निगम ने इन पंपों की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की है। 24X7 आपात स्थिति में यह यूनिट काम में लाई जाएंगी। इनकी मदद से अब भारी बारिश में रामघाट रोड मैरिस रोड छर्रा अड्डा व शाह जमाल की जल निकासी प्रभावी होने की सम्भावना है।

नगर निगम की प्राथमिकता है कि कोई भी क्षेत्र जलभराव से प्रभावित न हो। इन 2 फ्लूड पंप यूनिटों के आने से रामघाट रोड शाहजमाल व छर्रा अड्डा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में जलनिकासी की रफ्तार बढ़ेगी।

यह जनता को समर्पित एक स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम है हमारा उद्देश्य सिर्फ समस्या बताना नहीं, बल्कि उसका समाधान देना है।

## सरकार जानबूझ कर इतिहास को गलत इतिहास को पढाना चाहती : भाकपा

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पानदरीबा के सचिव इकबाल मंद समाज शस्त्र के ने इतिहास की एनसीईआरटी की किताब के बदलाव पर कई सवाल उठाए और कहा कि सरकार जानबूझकर इतिहास को गलत तरीके बच्चो को पढा रही है।

भारत की राजनीति में मध्यकाल को लेकर विवाद कोई नया नहीं है। इससे पहले महाराणा प्रताप और अकबर को लेकर भी विवाद हुआ था।

भाकपा ने कहा कि कोई भी विकसित समाज तभी आगे बढ़ सकता है, जब इतिहास को यथार्थ के संदर्भ में ले, लेकिन हमारी सरकार इतिहास को तोड़-मरोड़कर लिखवा रही है। लेकिन इससे देश का हित नहीं हो रहा है। ये अंधभक्तों को गुमराह कर सकते है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, एनसीईआरटी की आठवीं क्लास की सोशल साइंस की नई किताब में बाबर को बर्बर, हिंसक विजेता और पूरी आबादी का सफाया करने वाला बताया गया है।वहीं अकबर के शासन को क्रूरता और सहिष्णुता का मिला-जुला रूप बताया। आठवीं क्लास की सोशल साइंस की किताब का पार्ट-1 एक्सप्लोरिंग सोसाइटी, इंडियन एंड बियॉन्ड इसी हफ्ते जारी हुई थी। एनसीईआरटी की नई किताबों में से यह पहली किताब है जो विद्यार्थियों को दिल्ली सल्तनत और मुगलों से परिचित कराती है। एनसीईआरटी की नई किताब में 13वीं से 17वीं सदी तक के भारतीय इतिहास को कवर किया गया है।

इस किताब में सल्तनत काल को लूट-पाट और मंदिरों को तोड़ने के रूप में दिखाया गया है। इसके पहले की किताब में सल्तनत काल को इस रूप में पेश नहीं किया गया था।

एनसीईआरटी की नई किताब में लिखा गया है कि चित्तौड़ के किले पर कब्जे के दौरान अकबर और उन्होंने 30 हजार नागरिकों के जनसंहार के साथ बच्चों और महिलाओं को गुलाम बनाने का फरमान जारी किया था।

इस किताब में अकबर के हवाले से कहा गया है, हमने काफिरों के कई कलिों और कस्बों पर कब्जा कर लिया है और वहाँ इस्लाम की स्थापना की है। खून की प्यासी तलवारों की मदद से हमने उनके मन से काफिरों के निशान मिटा दिए हैं। हमने वहाँ के मंदिरों को भी नष्ट कर दिया है। भाकपा ने कहा कि भारत सरकार इतिहास के साथ छेड़छाड़ कर रही हैं, कोई भी विकसित समाज तभी आगे बढ़ सकता है, जब इतिहास को यथार्थ के संदर्भ में ले।

लेकिन हमारी सरकार इतिहास को तोड़-मरोड़कर लिखवा रही है( लेकिन इससे देश का हित नहीं हो रहा है। ये अपने स्वाभिमान की तुष्टि के लिए कुछ भी कर रहे है। डॉक्टर इरफान हबीब कहते हैं, आप जिसे इतिहास का अंधकारमय अध्याय कह रहे हैं, उसी में रामचरितमानस लिखी गई. तुलसी दास, कबीर, अब्दुल रहीम खान-ए-खाना और मलिक मुहम्मद जायसी जैसी हश्तियाँ इस अवधि में अपनी बेहतरीन रचनाएं लिख रही थीं. क्या यह इतिहास का अंधकारमय अध्याय है।

## प्रो. शाहब फजल नेशनल जियोस्पेशियल फैकल्टी फैलो अवार्ड से सम्मानित

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रोफेसर शाहब फजल को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रतिष्ठित 'नेशनल जियोस्पेशियल फैकल्टी फैलो अवार्ड' से सम्मानित किया।

यह सम्मान उन्हें रिमोट सेंसिंग और जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) पर आधारित उनके पाठ्यपुश्तकों और ऑनलाइन एमओओसी (मूक्स) पाठ्यक्रमों के माध्यम से जियोस्पेशियल शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रदान किया गया। प्रो. फजल ने देशभर में छात्रों के बीच भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों को लोकप्रिय बनाने और उन्हें अधिक सुलभ बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

उन्हें यह पुरस्कार इसरो के पूर्व अध्यक्ष और पद्मश्री प्रो. किरण कुमार द्वारा आईआईटी बॉम्बे के प्रो. बी. नाग मुख्य सभागार में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। यह समारोह आईआईटी बॉम्बे के एफओएसएसईई जीआईएस (एफओएसएसईई जीआईएस) परियोजना द्वारा आयोजित 'ओपन सोर्स जीआईएस डे सेलिब्रेशन' का मुख्य आकर्षण था। यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की 'राष्ट्रीय आईसीटी के माध्यम से शिक्षा मिशन (एनएमईआईसीटी)'

## जेएनएमसी में लेटेंट टीबी की जांच के लिए उन्नत सीवाई-टीबी टेस्ट अब नि:शुल्क उपलब्ध होगा

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप लेटेंट टीबी (छिपी हुई तपेदिक) की जांच के लिए एक नई और उन्नत जांच प्रणाली ' सीवाई-टीबी' टेस्ट की शुरुआत की है। यह पहल देश में टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जेएनएमसी के चेस्ट और टीबी विभाग के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद शमीम ने जानकारी दी कि यह टेस्ट अब जेएनएमसी के ओपीडी-15 में सभी कार्य दिवसों पर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक हाई-रिस्क (अधिक जोखिम वाले) मरीजों के लिए पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध होगा। इसका उद्देश्य टीबी संक्रमण को समय रहते पहचानकर गंभीर बीमारी में बदलने से रोकना है। सीवाई-टीबी' टेस्ट एक आधुनिक स्किन टेस्ट है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के संक्रमण की अधिक सटीक पहचान करता है, खासकर उन लोगों में जिन्हें पहले बीसीजी का टीका लगाया गया हो या जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो। पारंपरिक मंटू टेस्ट की तुलना में यह टेस्ट ज्यादा भरोसेमंद है क्योंकि यह बीसीजी वैक्सीन में न पाए जाने वाले विशेष एंटीजन - ईएसएटी-6 और सीएफपी-10 का उपयोग करता है, जिससे जांच की सटीकता और संवेदनशीलता बढ़ती है।

विभाग के डॉ. नफीस ए. खान ने बताया कि यह टेस्ट खासकर एचआईवी, मधुमेह जैसी बीमारियों से ग्रसित अथवा कमजोर इम्यून सिस्टम वाले मरीजों में टीबी की प्रारंभिक पहचान के लिए एक प्रभावी साधन है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह एक स्क्रीनिंग टेस्ट है, और यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो टीबी की पुष्टि के लिए छाती का एक्स-रे या बलगम की

## धूम धाम से मनाया स्मृति महोत्सव

✷ एनसीआर टुडे. मथुरा ✷

महाराणा प्रताप भवन देवीपुरा मैं ब्रजमण्डल क्षत्रिय राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार के पिता जी व सभा के संरक्षक ठाकुर श्यामलाल सिंह सिकरवार जी के 16 वी स्मृति महोत्सव एवं 16 वीं पुण्यतिथी के अवसर पर एक विशाल स्मृति महोत्सव खूब धूम धाम से मनाया

सर्व प्रथम श्यामलाल जी के चित्रपट पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया व उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मैं समाजसेवी ठा. श्यामलाल सिकरवार के बारे मैं वक्ताओं ने बताया आप समाजसेवी थे। गरीबों पीड़ितों की मदद करने वाले व संस्कारी क्षत्रिय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमन स्वामी जी ने की एवं संचालन दिवाकर सिंह राजपूत जी ने किया एवं गोवर्धन विधान सभा के विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने



अपने वक्तव्य में कहा नयी पीढ़ी को अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। ठाकुर श्यामलाल सिकरवार जी किसानो के बहुत बड़े हितैषी थे एवं पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्याम लाल सिकरवार जी के अधूरे सपनों को उनके बेटे पूरा कर रहे है और समाज की सेवा कर रहे है।

राजकुमार तोमर पत्रकार जगवीर सिंह प्रधान और राजवीर सिंह प्रमुख ने कहा की युवा पीड़ी को अपने बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए और उनके स्मृति महोत्सव मनाने चाहिए।

कार्यक्रम में विजय सिंह राजपूत डॉ जगदीश गौड़ ठाकुर भारत सिंह गौड़ चंद्रपाल यदुवंशी अटल सिंह सिसोदिया साबो प्रधान अशोक राज सिंह यश पाल सिंह राजावत चंद्रप्रकाश मुखिया विष्णु शर्मा प्रधान कृष्ण मुरारी कौशिक प्रधान डॉ कन्हैया ठाकुर ओमप्रकाश सिंह डॉ जी एस गौड़ राधारमण उपाध्याय शिवराम पहलवान बिहारीलाल ठाकुर प्रहलाद फोजी विजेंद्र पटेल छोटू बेरी नेम सिंह चौधरी प्रहलाद राल मनोज सिंह ने उनको त्यागी तपस्वी बताया, ओमप्रकाश सिंह ने बताया श्यामलाल की एक आदर्श पिता भाई थे।

## पंचायत चुनाव 2026 की तैयारियों के तहत आरक्षण एवं परिसीमन प्रक्रिया शुरू

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

त्रिश्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन-2026 की तैयारियों के क्रम में शासन द्वारा आरक्षण एवं परिसीमन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विश्तृत समयबद्ध कार्यक्रम जारी करते हुए समश्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायत के वार्डों के निर्धारण और आरक्षण की कार्यवाही 18 जुलाई से प्रारंभ होकर 6 अगश्त 2025 तक संपन्न की जाएगी।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर एवं आयुष ग्राम सर्वे कार्यक्रम संपन्न

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

राजकीय आयुष सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए आयुष ग्राम बरला (उपकेंद्र बरला) में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. नरेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर में विभिन्न आयुष चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 209 रोगियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उपचार किया गया।

यूनानी चिकित्सा पद्धति से प्रभारी राजकीय यूनानी चिकित्सालय डॉ. मोहम्मद अफजल द्वारा 53 रोगियों, आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अतरौली



डॉ. सुग्रीव अशोक एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय साधु आश्रम डॉ. अभिषेक महेश्वरी द्वारा 65 रोगियों एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पेंड्रा डॉ गौरव कुमार व राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कुलवा डा0 बीना त्रिपाठी द्वारा 91 रोगियों को परामर्श व उपचार प्रदान किया गया। शिविर के दौरान औषधि वितरण कार्य में करन, आशीष, किताब सिंह, कपिल, फार्मासिस्ट अब्दुल रहमान, शाहिद अली, सतीश कुमार, प्रेमपाल एवं पुनीत कुमार द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल छेरत के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य सर्वे कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कॉलेज के प्रभारी डॉ0 योगेश परिहार प्रवक्ता डॉ0 विष्णु सैनी एवं डॉ0 वेद प्रकाश के नेतृत्व में 14 इंटर्नशिप छात्रों की टीम द्वारा ग्राम बरला के 84 घरों का सर्वेक्षण कर स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी एकत्रित की गई।

इस अवसर पर डॉ0 नरेंद्र कुमार ने बताया कि आयुष मंत्रालय की दिशा-निर्देशों के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के प्रचार-प्रसार एवं उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ऐसे शिविर निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी का निधन

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। यूपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी का निधन हो गया। वह 78 साल के थे। उनके निधन से राज्य के राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर है। त्यागी गाजियाबाद की मुरादनगर सीट से कई बार विधायक रहे। परिजनों के मुताबिक राजपाल त्यागी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और शुक्रवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। वह पांच दशकों तक राजनीति में सक्रिय रहे थे। राजपाल त्यागी 6 बार विधायक बने थे। कांग्रेस के साथ सफर शुरू करने वाले त्यागी एक बार समाजवादी पार्टी और फिर निर्दलीय भी विधायक चुने जा चुके थे।

## अनियंत्रित बाइक खंभे से टकराई, घायल

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की अमित विहार कालोनी में रहने वाले युवक की बाइक गुरुवार दोपहर बेहटा नहर रोड पर अनियंत्रित होकर खंभे से भीड़ गई। परिजन ने घायल को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। अमित विहार निवासी संतोष निजी कंपनी में सेल्समैन का कार्य करते है। उनके भाई धर्मेंद्र ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे भाई संतोष कार्य के चलते बेहटा नहर रोड पर जा रहे थे। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर रोड किनारे लगे लगे खंभे से जा टकराई। जिसपर भाई घायल होकर रोड पर गिर पड़े। उनके मुंह पर चोट आई हैं। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को नाई पूरा स्थित 50 शैया वाले संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने घायल को जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

## वाहन चोरी गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मुरादनगर में वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश एनसीआर से वाहन चोरी कर उन्हें सस्ते दाम पर ग्रामीण क्षेत्र में बेचते थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी की दो बाइक बरामद की है। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच ने बताया कि गुरुवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि वाहन चोर गिरोह के बदमाश चोरी के वाहन बेचने के लिए जा रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस ने पाइपलाइन मार्ग पर वाहन जांच का अभियान शुरु कर दिया। इसी बीच दो बाइक पर तीन युवक आते हुए दिखाए दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम राहुल कुमार, विशाल उर्फ हकला, हिंमाशु निवासी पंचशीन कॉलोनी भोपुरा थाना टीला मोड़ बताया और दिल्ली एनसीआर में चोरी करते थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल किसान की मौत से परिवार में मचा को हराम

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷। दो दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। किसान की मौत से परिजनों को कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। विगत 16 जुलाई को खेतों पर से साइकिल से आ रहे पैजनिया निवासी किसान सुरेश पुत्र डालू मुरादाबाद रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास ठेली से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए परिजनों ने बिजनौर के हायर सेंटर में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान सुरेश की गुरुवार की रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गुलदार की दहशत: आबादी वाले इलाके में घूमता सीसीटीवी कैमरे में कैद

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷। क्षेत्र में गुलदार का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नजीबाबाद के खाई खेड़ी इलाके में एक गुलदार आबादी क्षेत्र में टहलता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। अब तक गुलदार के हमलों से जिले में 32 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। कई लोग घायल हुए हैं।

## केएफसी आउटलेट बंद कराने पर पुलिस ने

# 10 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷




गाजियाबाद पुलिस ने इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में केएफसी आउटलेट को बंद कराने के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने इस मामले में करीब 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सावन महीने में नॉनवेज बेचने का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों ने गुरुवार को केएफसी आउटलेट को कथित तौर पर जबरन बंद करा दिया था।

शिकायत के अनुसार, इंदिरापुरम के वसुंधरा सेक्टर-11 में गुरुवार को 'हिंदू रक्षा दल' के कुछ कार्यकर्ता कथित तौर पर केएफसी आउटलेट में जबरन घुस गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सावन महीने में केएफसी आउटलेट में कथित तौर पर नॉनवेज बेचा जा रहा था।

प्रदर्शनकारियों ने 'सावन में मीट नहीं बेचने देंगे' नारे लगाते हुए केएफसी आउटलेट को बंद करा दिया। इन कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर कर्मचारियों को भी धमकाया था। हालांकि, बाद में नारेबाजी करते हुए यह प्रदर्शनकारी सड़क पर पहुंच गए थे।

आरोप है कि प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में राहगीरों और आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ा और कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना उपनिरीक्षक अंकुर सिंह राठौर की ओर से दर्ज कराई गई।

एफआईआर के अनुसार, उपनिरीक्षक अंकुर सिंह राठौर को सूचना मिली थी कि वसुंधरा सेक्टर-11 में केएफसी आउटलेट को खुला देखकर कुछ अज्ञात लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उपनिरीक्षक अमित कुमार चौहान और कांस्टेबल सुखवीर सिंह के साथ मौके पर पहुंचने पर यह पुष्टि हुई कि प्रदर्शन से आमजन को परेशानी हो रही थी और यातायात बाधित था।

तहरीर में बताया गया कि यह विरोध प्रदर्शन स्पष्ट रूप से प्रशासन के आदेश का उल्लंघन है, जो कांवड़ यात्रा और सावन महीने की धार्मिक भावना को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया था। फिलहाल पुलिस ने 8 से 10 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अज्ञात में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

इंदिरापुरम के क्षेत्राधिकारी अभिषेक श्रीवाश्तव ने एक बयान में कहा, "सभी आरोपी लड़कों को चिन्हित किया जा रहा है। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर इस प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।"

## चीन से कपड़ा आयात कराने के नाम पर 23.37 लाख ठगे

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में चीन से कपड़ा आयात कराने के नाम पर 23.37 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने चीन से कपड़े के थान मंगवाने के नाम पर कपड़ा कारोबारियों से रकम ली, लेकिन न तो कपड़ा मंगाया गया और न ही रुपये वापस किए गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इंइंदिरापुरम के नीतिखंड-1 स्थित मेसर्स तपस्वी इंटरप्राइजेज का संचालन करने वाले न्याय खंड निवासी तरुण रश्तोगी और स्वाती रश्तोगी ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वर्ष 2024 में उनकी मुलाकात अपने मित्र मोहित त्यागी के माध्यम से दो लोगों से हुई थी। इनमें एक मोदीनगर के डबाना निवासी कपिल कुमार था और दूसरा राजेंद्र नगर सेक्टर-5 स्थित यूटीसी आस्था अपार्टमेंट निवासी नीरज वर्मा।

आरोप है कि दोनों ने खुद को अपनी कंपनी के माध्यम से चीन से कपड़ा आयात करने का दावा किया था। भरोसा दिलाने के लिए उन्होंने पीड़ित तरुण रश्तोगी व स्वाती रश्तोगी की पति को चीन की यात्रा भी करवाई। भरोसा होने पर यात्रा से लौटने के बाद जनवरी 2025 में उन्होंने 62500 मीटर कपड़े का ऑर्डर उन्हें दे, 23,37,500 रुपये का भुगतान कर दिया।

इसके बाद फरवरी 2025 तक भी जब कपड़ा न आने पर पीड़ितों ने उनसे संपर्क किया तो आरोपियों ने साफ इनकार कर दिया और रकम वापस करने से भी मना कर दिया। इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की।

# कंटेनर में छिपाकर लाई जा रही 44 लाख की अवैध शराब बरामद

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



बिहार के आगामी चुनाव में खपाने के लिए चंडीगढ़ से तस्करी कर लाई जा रही 44 लाख रुपये की शराब को क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया। अवैध शराब की 600 पेटियां कंटेनर में छिपाकर लाई जा रही थीं।

पुलिस ने कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने गुरुवार रात वेव सिटी थानाक्षेत्र से कंटेनर में भरी हुई हरियाणा मार्गा की अंग्रेजी शराब की 600 बेटियों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की कीमत लगभग 44 लाख रुपये है।

पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ट्रक चालक ने अपना नाम अनूप सिंह निवासी ग्राम पयौदा थाना तीतरम जिला कैथल हरियाणा बताया। पूछताछ में गए अनूप ने बताया कि वह छठी फेल है।

पढ़ाई छोड़ने के बाद उसने ड्राइविंग सीखी। अनूप ने बताया कि वर्ष 2021-2022 में वह जींद हरियाणा के रहने वाले राममेहर के संपर्क में आया। राममेहर हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से अवैध शराब तस्करी कर बिहार पहुंचाता था। रामेहर ने उसे शराब तस्करी में मोटी कमाई का झांसा दिया। इसके बाद वह राममेहर के साथ मिलकर अवैध शराब तस्करी का काम करने लगा। राममेहर के कहने पर वह हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से अवैध शराब बिहार पहुंचाने लगा। हर चक्कर पर उसे 50 हजार रुपये मिलते थे।

अनूप पहले भी जेल जा चुका अनूप ने बताया कि वह मार्च 2023 मे बिहार में अवैध शराब की तस्करी में जिला सहरसा बिहार से जेल गया था।

जेल से छूटकर वह भोला निवासी रोहतक हरियाणा और रामनिवास निवासी झुंझनू राजस्थान के संपर्क में आ गया। ये दोनों भी अवैध शराब बिहार भेजते हैं। दोनों के साथ मिलकर उसने फिर से शराब की तस्करी शुरू कर दी। अनूप ने बताया कि बीते साल मुरादनगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

सीओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के आधार पर इस धंधे में शामिल अन्य लोगों के नाम प्रकाश में आए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही।

## 12 फीट लंबा अजगर चारा काटते किसान के पैर के नीचे आया, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

एनसीआर टुडे. शेरकोट। थाना क्षेत्र के गांव कंदला शाहकोट में एक किसान को जंगल में चारा काटते समय 12 फीट लंबा अजगर मिला। किसान के पैरों के नीचे अचानक अजगर आ गया।



इसे देखते ही किसान चीख पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। कुछ लोगों ने डंडों से अजगर को छेड़ने की कोशिश की। हालांकि, अजगर ने किसी पर हमला नहीं किया।

एक जागरूक ग्रामीण ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने अजगर को सुरक्षित तरीके से कट्टे में बंद किया और अपने साथ ले गई। वन विभाग के कर्मचारियों के अनुसार, अजगर शिकार की तलाश में इधर-उधर भटक रहा था। सौभाग्य से इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

# दो बाइकों की टक्कर से हुए हादसे में एक की मौत, दंपति घायल

✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷



बीती रात्रि दो बाइकों की टक्कर में घायल एक युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मिंटू पुत्र ब्रहमपाल गांव शाहपुर भसोड़ी के रूप में हुई है। मिंटू दो बच्चों के पिता थे जो बाइक से अपनी बहन के घर तीज़ की सामग्री देकर लौट रहे थे मृतक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

हादसे में दूसरी बाइक सवार दम्पति भी घायल हुए थे दम्पति को भी सीएचसी स्याऊ से हायर सेंटर रेफर किया गया था। घटना बीती रात्रि चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव खेड़की के पास की है जहां दोनों बाइकों की टक्कर हुई थी। बताया गया है कि दोनों ही बाइक सवार अपनी अपनी बहन के घर से लौट रहे थे।

मिंटू पुत्र ब्रहमपाल धामपुर के पास अपनी बहन के घर तीज़ की सामग्री देने गए थे वही 44 वर्षीय होशराम पुत्र हरदयाल अपनी पत्नी वीरवती 42 वर्ष के साथ अपनी बहन के घर तखनपुरी से अपने घर लौट रहे थे जब दोनों की बाइक गांव खेड़की के पास पहुंची तो तेज़ गति से टक्कर हो गई।

हादसे में घायल दोनों बाइक सवार महिला समेत तीन लोगों को ऐम्बुलेंस की मदद से सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया गया था जहां से गंभीर हालत के चलते तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया था।

हायर सेंटर में मिंटू को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक मिंटू अपने पीछे पत्नी सहित दो छोटे बच्चों को छोड़ गया। मृतक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# शुगर मिल में एटीपी टैंक में तीन कर्मचारी डूबे, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में जहरीली गैस का रिसाव, एक के बाद एक चार बेहोश होकर गिरे

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷



शुक्रवार की सुबह शुगर मिल में बड़ा हादसा हो गया। वॉटर ट्रीटमेंट की सफाई के दौरान 4 कर्मचारी एक के बाद एक एटीपी टैंक में गिर गए। सुपरवाइजर समय 3 कर्मचारियों की डूबने से मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी का अस्पताल में इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे सफाई के दौरान एटीपी टैक का ढक्कन खोलते ही जहरीली गैस का रिसाव हुआ। जिससे बेहोश होकर पहले एक सफाई कर्मी टैंक में गिर गया।

बचाने की कोशिश में एक के बाद एक तीन और कर्मचारी टैंक में उतर गए और डूब गए। चौथे कर्मचारी को मिल के अन्य कर्मचारियों ने रस्सी की मदद से बाहर निकाल लिया। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है।

घटना नांगल थाना क्षेत्र स्थित बरकातपुर गांव की उत्तम शुगर मिल में शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे की है। मिल क्या वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के एटीपी टैक की सफाई कराई जा रही थी। नांगल थाना क्षेत्र के तितोसरा गांव निवासी मजदूर कपिल देव (30) ने सफाई करने के लिए जैसे ही एटीपी टैक का ढक्कन खोला, ठीक है आ जाओ जहरीली गैस का रिसाव हो गया। गैस की चपेट में आकर वे बेहोश हो गए और एटीपी टैंक में गिर पड़े। कपिल को गिरता देख मौके पर मजदूर दूसरे सफाई कर्मी मंडावर थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी सोपाल (49) भी टैक तक पहुंचे।

वे भी जहरीली गैस का शिकार हो गए और बेहोश होकर टैंक में गिर पड़े। इसके बाद बचाने के चक्कर में सुपरवाइजर कबूलपुर निवास मुनेश्रर (45) भी टैक में उतर गए। वे बेहोश होकर डूब गए।

मुनेश्वर बाहर नहीं आए तो एक अन्य सफाई कर्मी भी टैंक में उतरा। पर वह भी बाहर नहीं आ सका। सूचना मिलने पर एएसपी सिटी संजीव बाजपेई समेत पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने सेफ्टी किट पहनकर टैंक से चारों कर्मचारियों को बाहर निकाल। चारों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां कपिल,सोपाल और और मुनेश्वर को डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। चौथा कर्मचारी की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है।

एएसपी सिटी संजीव बाजपेई ने बताया रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मिल में सेफ्टी प्रोटोकॉल का पूरी तरह से उल्लंघन पाया गया है। टैक की सफाई के लिए भी कर्मचारियों को कोई सेफ्टी किट नहीं दी गई थी।

गैस मास्क तक नहीं पहने थे। मिल में सेफ्टी मास्क या गैस डिटेक्शन सिस्टम जैसे कारण भी मौजूद नहीं थे। इसकी जांच की जा रही है।

**टैंक में सिर्फ दो फीट पानी, पर बेहोशी के कारण बाहर नहीं निकल सके**

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, टैक की कुछ समय पहले सफाई हो चुकी थी, पर इसमें फिर से बारिश का पानी भर गया था। कूड़ा भी जमा हो गया था। इसे ही साफ किया जाना था। टैंक में सिर्फ दो फीट पानी था। पर जो भी मजदूर एटीपी टैंक में उतरे, जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गए। इस कारण पानी से बाहर नहीं आ सके। डूबने से तीनों की मौत हो गई।

परिजन बोले मिल प्रबंधन की लापरवाही मुआवजा मिले जैसे ही हादसे की खबर मिल परिसर में फैली, मृतकों के परिजन भी मिल पहुंचे। हंगामा किया। मृतक सफाई कर्मी कपिल के एक रिश्तेदार ने बताया इस पूरी घटनाक्रम में मिल प्रबंधन के लापरवाही है। कर्मचारियों को कोई सेफ्टी किट नहीं दी थी। सेफ्टी टैंक की सफाई से पहले गैस रिसाव की जांच पर नहीं की गई थी। सभी मृतकों के परिवारों को मुआवजा मिलना चाहिए।


# कार्यालय नगर पंचायत झालू, (बिजनौर)

पंत्राक : 178/न0पं0 झालू/2025-26 दिनांक : 05.07.2025

-: ई-टेण्डर सूचना :-

निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ के पत्र संख्याः तक०सेल/07/ निदे0/2019 दिनांकः 28 जून, 2019 के क्रम में यू०पी० इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्ट्रर्ड बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर में राज्य वित्त आयोग / टाउन फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर में जी०आई०आई०एस० सर्वे कार्य कराने हेतु ऑनलाईन निविदा दिनांक 19/07/2025 से 28/07/2025 तक वेबसाईट www.entender.up.nic.in पर आमांत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित तिथि को सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 10/E-Tender/2025-26 |
| Publish Date and time for ref. | 19/07/2025 on 10:00 AM |
| Last Date and time for submission of E- Tender | 28/07/2025 on 02:00 PM |
| Date and Time of Opening Tender | 29/072025 on 03:00PM |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Panchayat Jhalu |
| E-Tender Security | 10% |
| E-Tender document processing | As Per Tender |

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर

अवर अभियन्ता नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर

अध्यक्ष नगर पंचायत झालू जनपद-बिजनौर


# स्कूल वाहन चेकिंग के लिए चलाया जाए विशेष अभियान: जसजीत कौर

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷



जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम 04:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मासिक स्टाफ/कर करेत्तर राजस्व प्राप्ति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल वाहन चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाएं और जो वाहन भी बिना फिटनेस के संचालित पाया जाए, तत्काल उसको सीज कर स्कूल संचालक के विरुद्ध कार्यवाही करें तथा पुनर्विवृत्ति होने पर संबंधित स्कूल की मान्यता समाप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं।

उन्होंने समीक्षा के दौरान मंडी समिति किरतपुर द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष निरंतर रूप से काम प्रगति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि उनके उच्च अधिकारियों को उनके खिलाफ पत्र लिखें तथा उद्योग विभाग की सीएम डैशबोर्ड पर रैंक बहुत खराब स्थिति में होने की वजह से उनके विरुद्ध भी शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि राजस्व वसूली का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, अतः सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करते हुए विभागीय लक्ष्य को शत प्रतिशत रूप से पूरा करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने डैशबोर्ड के अंतर्गत गन्ना भुगतान की समीक्षा में बिलाई चीनी मिल द्वारा सबसे कम 57 प्रतिशत भुगतान किए जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि उनके स्टॉक आदि की चेकिंग करें और किसानों को गन्ना भुगतान की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी एवं प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि सभी चीनी मिलों के संयंत्रों को अद्यतन स्थिति में रखने के लिए निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर चेकिंग करें, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की सीएम डैशबोर्ड पर रैंक डी श्रेणी में प्राप्त हुई है।

उनके विभागीय अधिकारियों के खिलाफ शासन को लिखा जाए और यदि उसमें सुधार नहीं होता तो उनके वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए। इसी के साथ उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर बी और सी रेंक प्राप्त सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी माह विशेष प्रयास कर मानक के अनुरूप विभागीय कार्य की प्रगति को बढ़ाएं ताकि रेंकिंग में अपेक्षित सुधार हो सके। तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा मासिक स्टाफ की अध्यक्षता करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि पांच एवं तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों का निश्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निश्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निश्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने धारा 34 एवं 24 के लंबित प्रकरणों पर निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों को निश्तारित करें ताकि न्यायालयों में अनावश्यक बोझ से मुक्ति प्राप्त हो सके। उन्होंने लंबित आडिट प्रकरणों, विभागीय कार्रवाई सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को मानक के अनुसार तत्परता के साथ निश्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की सार्वजनिक भूमि पर कोई अवैध कब्जा नहीं है, इस आश्य का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी विभाग की सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित उप जिलाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा सके।


### संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुफ्ती खान पुत्र श्री मुंशी खान व नीरा खान पत्नी मुफ्ती खान निवासी ई-1 सेक्टर 12 वाटर टेंक, नोएडा जिला गौतमबुध नगर, सार्वजनिक रूप से घोषण करता हूं कि आज दिनांक 18 जुलाई 2025 से मैं अपने अपने पुत्र इशू पुत्र श्री मुफ्ती खान व पुत्रवधू जैवा नाज का चाल चलन ठीक नहीं होने और परिवार की बात नहीं मानने के कारण अपने परिवार व अपनी अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद से इशू पुत्र श्री मुफ्ती खान व उसकी पत्नी जैव नाज से मेरा व मेरे परिवार को कोई वाश्ता नहीं है। यदि कोई इशू व उसकी पत्नी जैवा नाज के साथ संबंध रख कर लेन-देन, व्यवहार करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

## संपादकीय

### एमपी के स्वच्छता मॉडल ने पेश की नई मिसाल, इंदौर के साथ चमके कई शहर

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है।

इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है। 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बुधनी सर्वश्रेष्ठ शहर बन कर उभरा है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन की प्रेरणा और जनभागीदारी इस सफलता का आधार रहा। इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है।

इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है। एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है। नगर निगम ने स्वच्छता के लिए कई नवाचार किए हैं। प्रत्येक घर से कचरा एकत्र करने के लिए उसने अनेक वाहन तैनात किए जिसने गीले, सूखे और खतरनाक कचरे को अलग करने की प्रक्रिया को जन-जन तक पहुंचाया।

भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इंदौर ने लगातार आठ वर्षों (2017-2024) तक स्वच्छता सर्वेक्षण में पहला स्थान हासिल किया है जो अपने आप में मध्यप्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल ने जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल न केवल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर नगर निगम और जिला प्रशासन ने प्रतिदिन स्वच्छता को प्राथमिकता देने का काम किया है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जिससे इंदौर की जनता ने स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाया। इंदौर ने न केवल स्वच्छता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, बल्कि यह अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में सुपर स्वच्छता लीग में शीर्ष स्थान और लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतना इंदौर की मेहनत, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। यह शहर न केवल स्वच्छता, बल्कि नागरिकों की जागरूकता और प्रशासनिक कुशलता का प्रतीक बन चुका है।

देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में भोपाल ने स्वच्छता के क्षेत्र में भी आदर्श प्रश्तुत किया है। विभिन्न श्रेणियों में ग्वालियर, देवास, शाहगंज और जबलपुर भी पुरस्कृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसमें मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के इस मापदंड के आधार पर अपने घर, मोहल्ले, कॉलोनी और नगर को स्वच्छ रखें और इस आदर्श जीवन शैली को दुनिया के बीच प्रदर्शित करने का प्रयास करें। इंदौर का स्वच्छता मॉडल न केवल एक शहर की स्वच्छता की कहानी है बल्कि यह दर्शाता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। यह मॉडल न केवल स्वच्छ भारत मिशन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का भी एक जीवंत उदाहरण है। यह मॉडल पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हो सकती है। इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता रैंकिंग में देश में शीर्ष स्थान पर रहकर यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो देश का कोई भी इलाका कचरे के ढेर से निकलकर स्वच्छता की मिसाल बन सकता है।

# जम्मू-कश्मीर में इतिहास का विवाद

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

श्रीनगर में शहीद स्मारक के नाम से एक स्थान है जहां हर साल 13 जुलाई को कुछ राजनीतिक व दूसरे लोग जाकर माथा निभाते हैं। इस स्थान पर 22 लोगों की कब्रें बनी हुई हैं जिनके बारे में कहा जाता है कि वे 1931 में पुलिस की गोली से मारे गए थे। इस कब्रिस्तान को मजार-ए-शुहदा यानी शहीदों की मजार के नाम से भी जाना जाता है।

दरअसल श्रीनगर में अब्दुल कादिर खान नाम के एक अपराधी पर मुकद्दमा चल रहा था। यह अपराधी कौन था और इसे कौन लाया था, इसको लेकर अभी भी विवाद चलता रहता है। जाहिरा तौर पर तो यह कहा जाता है कि यह एक अंग्रेज अफसर का रसोइया था।

यह रसोई का काम कितना करता था, इसके बारे में कहना तो मुश्किल है, लेकिन इतना निश्चित है कि यह शहर भर में मुस्लिम कश्मीरियों को हिंदू कश्मीरियों के खिलाफ भडक़ाने वाले भाषण करता था। ब्रिटिश सरकार जम्मू-कश्मीर के उस समय के महाराजा हरि सिंह के बहुत खिलाफ रहती थी क्योंकि महाराजा कभी उनके यूनियन जैक यानी झंडे को उतरवा देता था, कभी रेजीडेंट कमिश्नर की गतिविधियों को सीमित कर देता था।

सबसे बड़ी बात यह कि महाराजा ब्रिटिश सरकार को गिलगित का इलाका पट्टे पर देने से इन्कार कर रहा था। इसलिए अब्दुल कादिर खान नाम का यह व्यक्ति सबसे ज्यादा गालियां महाराजा हरि सिंह को देता था। जाहिर है कि जम्मू कश्मीर सरकार ने इस अज्ञात कुल शील शख्स को गिरफ्तार कर लिया और जेल में बंद कर दिया। खान की गिरफ्तारी के बाद वह अंग्रेज अफसर भी गायब हो गया।


यह भी चर्चा चलती रहती है कि नेशनल कान्फ्रेंस, जिसके मालिक उन दिनों शेख मोहम्मद अब्दुल्ला थे, के लोग भी उस अंग्रेज अफसर को जानते थे और वही उसे श्रीनगर लेकर आए थे। शेख अब्दुल्ला श्रीनगर और उसके आसपास लोकप्रिय तो हो रहे थे लेकिन सशक्त सैयद लॉबी उन्हें अपना प्रतिद्वन्द्वी मानती थी क्योंकि वह लॉबी मानती थी कि कश्मीरी मुसलमानों के वे स्वाभाविक नेता हैं। शेख अब्दुल्ला, जो कश्मीरी थे, अब व्यक्तिगत बातचीत में कहने लगे थे कि कश्मीरियों को अब बाहर से आए सैयदों के नेतृत्व की जरूरत नहीं है, बल्कि वे स्वयं अपने मसले सुलझाने में सक्षम हैं। यह सैयदों और कश्मीरी मूल के मुसलमानों का नेतृत्व को लेकर झगड़ा था।

लेकिन सैयदों के पास एक तुरुप का पत्ता था जिसकी काट शेख अब्दुल्ला के पास भी नहीं थी। सैयद श्रीनगर की दो मुख्य मस्जिदों, खानगाहे मौला और जामिया मस्जिद पर काबिज थे। इन मस्जिदों में मजहबी कारणों से हर जुम्मे के दिन हजारों कश्मीरी आते थे। इस अवसर पर ये सैयद वायज कश्मीरियों को भावनात्मक श्तर पर मजहब से जोड़ कर अपने पाले में रखते थे।

शेख अब्दुल्ला के पास इसकी काट नहीं थी। यह काट इस अज्ञात अंग्रेज अधिकारी ने अपने रसोइए के माध्यम से मुहैया करवाई थी। वह रसोइया अब जेल में बंद था और अंग्रेज अफसर अपना काम खत्म कर जा चुका था। अब अगला काम शेख अब्दुल्ला और उसके ग्रुप को करना था।

इस काम के लिए अपने लोगों को जेल के बाहर एकत्रित किया गया और जेल के दरवाजे को तोड़ कर अब्दुल कादिर खान को मुक्त करवाने का आह्वान किया गया। पुलिस ने इस गुरप के लोगों को रोकने की कोशिश की, लेकिन यह ग्रुप को न रुकने के लिए ही आया था। पुलिस ने गोली चला दी।

कुछ लोग मारे गए और बहुत से घायल हो गए। लेकिन मरने वालों में या घायल होने वालों में कोई शेख अब्दुल्ला के ग्रुप का था या नहीं, इसके बारे में अभी तक गहन चुप्पी का वातावरण है। कितने लोग मारे गए, इसके बारे में भी कोई निश्चित प्रमाण नहीं हैं। अलबत्ता यह चर्चा गली बाजार में अभी तक चलती रहती है कि जानबूझ कर घायलों को अस्पताल ले जाने की बजाय मरने दिया गया ताकि मरने




वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो जाए। शेख अब्दुल्ला ने यह बात फैलाना शुरू कर दी। एक घायल व्यक्ति ने उन्हें अपने पास बुला कर कहा कि हमने अपना काम कर दिया है, अब आगे का काम तुमने करना है।

शेख अब्दुल्ला ने कभी यह नहीं बताया कि उस घायल की यह बात सुन कर, उन्होंने उसे अस्पताल ले जाने की भी कोशिश की या फिर उसकी मौत का इंतजार करते रहे, ताकि आगे का काम आसान हो जाए।

घायल तड़पते रहे और कुछ लोग उनके मरने का इंतजार करते रहे, ताकि आगे का काम आसान हो जाए। कहा जाता है कि अंत में बाईस व्यक्ति दम तोड़ गए थे। कुछ गोली से और कुछ इलाज के इंतजार में। जो इलाज का इंतजार कर रहे थे, उनके आसपास के लोग उनके मरने का इंतजार कर रहे थे। जब यह इंतजार खत्म हुआ तो बाईस लोग यह दुनिया छोड़ कर जा चुके थे।

जिनकी मौत मौके पर ही हो गई थी, उनके रिश्तेदार तो इसे 'रब्ब का भाना' मान कर सब्र भी कर लेते, लेकिन जिनकी मौत इंतजार में हुई थी, उनके रिश्तेदार बहुत साल तक उस राजनीति को कोसते रहे जिसने उनकी जान ली थी। जब रिश्तेदार अपने प्रियजनों की लाशें ले जाने लगे ताकि कब्रिश्तान में उनको सुपुर्दे खाक किया जा सके, तो शेख अब्दुल्ला के गुरप ने उन्हें ऐसा करने से रोका।

राजनीति की भाषा में कहा जाए तो समझाया। इस समझाने का एक बहुत बड़ा कारण था। शेख मोहम्मद अब्दुल्ला को अपनी अगली लड़ाई के लिए 'मजार-ए-शहीद' चाहिए थी। उसके लिए लाशें चाहिए थीं।

वे लाशें अब जाकर किसी अज्ञात अंग्रेज अफसर और उसके रसोइए अब्दुल कादिर खान ने मुहैया करवाई थीं। ये लाशें किसी भी कब्रिश्तान में दफन हो जातीं तो उस अंग्रेज अधिकारी के श्रीनगर आने का उद्देश्य क्या रहता? श्रीनगर में रातोंरात चर्चा चलाई, ये लोग शहीद हुए हैं। कितने शहीद हुए, यह श्रीनगर में आज भी बहस का विषय बना रहता है।

लेकिन कब्रें 22 हैं तो माना जा सकता है 22 ही होंगे। पर लोगों की जुबान का क्या, जितने मुंह उतनी बातें। शहीदों की मजार होती हैं। इसलिए मजार-ए-शहीद अशितत्व में आई। सैयदों के पास अपने केन्द्र थे और उनके मुकाबले में शेख अब्दुल्ला के पास भी एक भावनात्मक केन्द्र आ गया था। लेकिन यह मजार शेख को दे देने के बाद न कहीं उस अंग्रेज का पता चला और न ही अब्दुल कादिर खान का। शेख अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बने। उन्होंने 13 जुलाई की सार्वजनिक छुट्टी ही घोषित कर दी। बाकायदा मजार पर 13 जुलाई को हर साल मेला लगने लगा। बहुत से लोग विरोध भी करते कि उन बेगुनाह लोगों, जो राजनीति का शिकार होकर बेवजह मारे गए, पर अब तो राजनीति बंद करो ताकि वे कब्र के अंदर तो सुकून से पड़े रहें। लेकिन तब अनुच्छेद 370 लागू था।

न कोई जम्मू वालों को पूछता था न लद्दाख वालों को। न कश्मीर के गुज्जरों की कोई हैसियत थी और न ही पहाडिय़ों की। अब लोगों ने इस मजारे शहीद को राजनीति का अड्डा बनाने का विरोध किया तो सरकार ने 13 जुलाई की सार्वजनिक छुट्टी बंद कर दी। मजार पर जाकर लोगों के भावनात्मक शोषण को भी बंद किया। लेकिन कुछ लोगों की राजनीति का दाल-फुल्का इसी भावनात्मक शोषण के सहारे चलता है। इसलिए शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला ने बहुत हो-हल्ला किया।

वे 13 जुलाई की बजाय 15 जुलाई को, जिस स्थान पर इन बाईस मृतकों की कब्रें बनी हुई हैं, उस स्थान की दीवार फांद कर अंदर घुस गए। कुछ समय वहां रह कर वापस आ गए। उनका कहना था कि वे वहां उनका फातिहा पढक़र आए हैं। बेहतर होगा उमर अब्दुल्ला प्रदेश के लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए समय निकालें, प्रदेश के विकास की कोई कारागार नीति बनाएं, शिक्षा की ओर ध्यान दें, ग्रामीण इलाकों में सडक़ों की ओर ध्यान दें।

गरीब और भोले-भाले कश्मीरियों की इमोशनल ब्लैकमेलिंग बंद कर यदि राज्य की असली समस्याओं की ओर ध्यान देंगे, तो ज्यादा लाभकारी होगा। कश्मीर के विकास के लिए केंद्र से जो बड़ी राशि आ रही है, उसका सदुपयोग तय करना होगा।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)**

# स्वच्छता एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करते सामाजिक संगठन

**प्रहलाद सबनानी**

इस धरा पर जन्म लेने वाले प्रत्येक जीव के लिए प्रकृति ने पर्याप्त खाद्य पदार्थ दिए हैं परंतु अति लालच के चलते मानव ने प्रकृति का शोषण करना शुरू कर दिया है। इसमें कोई अब कोई संदेह नहीं रह गया है कि मानव ने अपनी जिंदगी को आसान बनाने के लिए पर्यावरण का अत्यधिक नुक्सान किया है और इसका परिणाम आज उसे ही भुगतना भी पड़ रहा है।

कई देशों में तो भयंकर गर्मी में वहां के जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिनसे जान और माल की भारी हानि हो रही है। हम पर्यावरण के सम्बंध में बढ़ चढ़ कर चर्चाएं तो करते हैं परंतु आज हमारे गावों में खेत, प्लाटों में परिवर्तित हो गए हैं। हमारे खेतों पर शोपिंग काम्प्लेक्स एवं मॉल खड़े हो गए हैं जिससे हरियाली लगातार कम होती जा रही है।

बीते कुछ वर्षों में कंकरीट की इमारतों में अत्यधिक वृद्धि एवं भूमि प्रयोग में बदलाव के चलते भारत में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। देश के महानगर अर्बन हीट आइलैंड बन रहे हैं। अर्बन हीट आइलैंड वह क्षेत्र होता है जहां अगल-बगल के इलाकों से अधिक तापमान रहता है।

कई स्थानों पर अत्यधिक गर्मी के पीछे अपर्याप्त हरियाली, अधिक आबादी, घने बसे घर और इंसानी गतिविधियां जैसे गाडियों और गैजेट से निकलने वाली हीट आदि कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। कार्बन डाईआक्साइड और मेथेन जैसी ग्रीन हाउस गैसों एवं कूड़ा जलाने से भी गर्मी बढ़ती है। राजधानी दिल्ली का उदाहरण हमारे सामने है। जहां चारों दिशाओं में बने डंपिंग यार्डों में आग लगी ही रहती है और लोगों का सांस लेना भी अब दूभर हो रहा है।

भारत ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो यानी कार्बन उत्सर्जन रहित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया हुआ है। यद्यपि पर्यावरण रक्षा में भारत के प्रयास बहुआयामी रहे हैं लेकिन यह प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक देशवासी प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक अत्यधिक शोषण करना बंद नहीं करते। शहरों के बढ़ते तापमान की रोकथाम हेतु जरूरी है कि मौसम और वायु प्रवाह का ठीक तरह से नियोजन किया जाए। हरियाली का विश्तार, जल स्रोतों की सुरक्षा, वर्षा जल संचय, वाहनों एवं एयर कंडीशंस की संख्या की कमी से ही हम प्रचंड गर्मी को कम कर सकते हैं। पृथ्वी का तापमान घटेगा तभी मानव सुरक्षित रह पाएगा।

उक्त संदर्भ में यह हम सभी भारतीयों के लिए हर्ष का विषय होना चाहिए कि हमारे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन मौजूद हैं जो सदैव ही सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सेवा कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर, देश पर आने वाली किसी भी विपत्ति में आगे आकर, सेवा कार्य करना प्रारम्भ कर देते हैं। भारत के पर्यावरण में सुधार लाने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो बाकायदा एक नई पर्यावरण गतिविधि को ही प्रारम्भ कर दिया है। जिसके अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर संघ द्वारा देश में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है और देश में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की मुहिम प्रारम्भ की गई है। साथ ही, विभिन्न शहरों को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने हेतु भी विशेष अभियान प्रारम्भ किए हैं। उदाहरण के तौर पर ग्वालियर को स्वच्छ, नशामुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का बीड़ा उठाया गया है।

इसी संदर्भ में ग्वालियर महानगर में विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के एक विशेष सत्र में इस बात पर विचार किया गया कि ग्वालियर महानगर को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाया जाना चाहिए। उक्त शिविर के समापन के पश्चात उक्त समस्याओं के हल हेतु विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं की तीन बैठकें आयोजित की गईं।

इन बैठकों में विश्तार से विचार करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि कुछ चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन्न मठ, मंदिरों, स्कूलों, संस्थानों आदि में विषय प्रश्तुत करने हेतु भेजा जाए ताकि उक्त समस्याओं के हल में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस संदर्भ में चुने गए 60 कार्यकर्ताओं के लिए एक वक्ता कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

इन चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन संस्थानों में विषय प्रश्तुत करने हेतु भेजा गया था ताकि उक्त समस्याओं के हल करने हेतु समाज को भी साथ में लेकर कार्य को सम्पन्न किया जा सके।

साथ ही, ग्वालियर को प्रदूषण मुक्त सुंदर नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को, ग्वालियर के चुने हुए 29 चौराहों पर मानव श्रृंखलाएं बनाई गई थी, लगभग 8,000 नागरिकों ने इस मानव श्रृंखला में भागीदारी की थी। इसी प्रकार, ग्वालियर को व्यसन मुक्त नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर, दिनांक 12 जनवरी 2025 को एक विशाल मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ एवं लगभग 6,000 नागरिकों ने इस मेराथन दौड़ में भाग लिया था।

संघ के ग्वालियर विभाग द्वारा ग्वालियर महानगर में अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने की मुहिम प्रारम्भ की गई। जिसके अंतर्गत ग्वालियर के कई विद्यालयों में वहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को साथ लेकर स्वयंसेवकों द्वारा नगर में भारी मात्रा में पौधारोपण किया गया। ग्वालियर की पहाड़ियों पर भी इस मानसून के मौसम के दौरान हजारों की संख्या में नए पौधे रोपे गए हैं। गजराराजा स्कूल, केआरजी महाविद्यालय एवं गुप्तेश्वर मंदिर की पहाड़ियों को तो पूर्णतः हरा भरा बना दिया गया है।

गर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा नगर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, व्यावसायिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, एवं नगर के विभिन्न चौराहों पर नागरिकों को शपथ दिलाई जा रही है कि "मैं ग्वालियर नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु, आज से प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करूंगा"। अभी तक एक लाख से अधिक नागरिकों को यह शपथ दिलाई जा चुकी है। कई स्कूल, कई मंदिर एवं कई महाविद्यालय (लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान - एलएनआईपीई सहित) पोलिथिन मुक्त हो चुके हैं। इसी प्रकार, ट्रिपल आईटीएम प्रबंधन के प्रयास से संस्थान के आसपास दुकानदारों द्वारा मादक पदार्थों के बिक्री करना बंद कर दिया गया है। साथ ही, ग्वालियर महानगर में एक लाख से अधिक नागरिक, नशा नहीं करने का संकल्प ले चुके हैं।

विभिन्न मठ, मंदिरों एवं गुरुद्वारों में भंडारों का आयोजन किया जाता है। इन भंडारों में अब प्रसादी को दोनों, पत्तलों में परोसा जाने लगा है एवं प्लास्टिक का उपयोग लगभग बंद कर दिया गया है। साथ ही, इन मंदिरों के आसपास प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा डस्टबिन रखवाये गए हैं, ताकि कचरे को यहां वहां न फैला कर इन डस्टबीन में डाला जा सके। इससे, मठ, मंदिरों एवं गुरुद्वारों के आसपास के इलाके स्वच्छ रहने लगे हैं। ग्वालियर महानगर के जनप्रतिनिधि विभिन्न मैरिज गार्डन में जाकर इनके मालिकों से लगातार चर्चा कर रहे हैं कि इन मैरिज गार्डन में अमानक पॉलीथिन का उपयोग बिलकुल नहीं होना चाहिए। इसका असर यह हुआ है कि अब मैरिज गार्डन में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में प्लास्टिक का उपयोग धीरे धीरे कम होता हुआ दिखाई दे रहा है।

नागरिकों को कपड़े से बने थैले भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि बाजारों से सामान खरीदते समय इन कपड़े के थैलों का इश्तेमाल किया जा सके और प्लास्टिक के उपयोग को तिलांजलि दी जा सके। प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने के उद्देश्य से गणेशोत्सव के पावन पर्व पर नगर में विभिन्न गणेश पांडालों में बच्चों द्वारा नाटक भी खेले गए।

साथ ही, संघ ने अपने स्वयंसेवकों को आग्रह किया है कि संघ द्वारा आयोजित किए जाने वाले किसी भी कार्यक्रम में प्लास्टिक का इश्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए। और, अब संघ के कार्यक्रमों में इस बात का ध्यान रखा जाने लगा है कि प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं किया जाय।

ग्वालियर के नागरिकों, विविध संगठनों, सामाजिक संस्थानों एवं द्वारा लगातार किए गए प्रयासों के चलते ग्वालियर महानगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत राज्य श्तरीय मिनिस्ट्रीयल अवार्ड के लिए चुना गया है।

यह पुरस्कार 17 जुलाई 2025 को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार, सिविल अस्पताल, हजीरा, जिला ग्वालियर को स्थानीय नागरिकों को उच्च श्तर की गुणवत्ता पूर्ण संक्रमण रहित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

जब पूरे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन आगे आकर समाज के अन्य संगठनों को साथ लेकर देश के पर्यावरण में सुधार लाने हेतु कार्य प्रारम्भ करेंगे तो भारत के पर्यावरण में निश्चित ही सुधार दृष्टिगोचर होने लगेगा।

# साध्वी बनने का नया ट्रेंड : त्याग की ओट में सुख का ब्रांड?

**प्रियंका सौरभ**

बचपन में हम सुनते थे कि साध्वी वह होती है जो मोह, माया, श्रृंगार, आकर्षण और सांसारिक जिम्मेदारियों से ऊपर उठ गई हो। वह जो खुद को समर्पित कर दे-ध्यान, साधना और आत्मा के शुद्धिकरण के लिए।

आज की दुनिया में जब हम 'साध्वी' शब्द सुनते हैं, तो कल्पना में कोई ध्यानमग्न स्त्री नहीं आती, बल्कि किसी मंच पर तेज रोशनी में प्रवचन देती, डिज़ाइनर केसरिया वस्त्रों में सजी-धजी, सोशल मीडिया पर हजारों अनुयायियों वाली कोई 'आधुनिक साध्वी' उभर आती है।

अब साध्वी बनने का अर्थ आत्म-त्याग से नहीं, एक नई जीवन शैली से जुड़ गया है-जिसमें भोग त्यागने का दावा तो है, लेकिन सुख और लोकप्रियता का उपभोग भलीभांति जारी है। त्याग के नाम पर अब एक सुरक्षित ब्रांडिंग की जाती है, जिसमें स्त्री घर-परिवार, विवाह और सामाजिक दायित्वों से अलग होकर एक आध्यात्मिक आभामंडल रचती है-जिसमें चमक होती है, भीड़ होती है, डोनेशन होते हैं, देश-विदेश की यात्राएं होती हैं, पर आत्मसंयम और आत्मचिंतन का गहराई से कोई वाश्ता नहीं होता।

यह प्रवृत्ति कोई आध्यात्मिक जागरण नहीं, बल्कि एक रणनीतिक पलायन है-जहाँ स्त्रियाँ संसार से भागती नहीं, बल्कि उसे अपने तरीके से नया आकार देती हैं, अपनी सुविधाओं और अपेक्षाओं के अनुसार। वे कहती हैं-हमने सब त्याग दिया, पर वाश्तव में उन्होंने वही त्यागा जो उन्हें परेशान करता था-जिम्मेदारी, अपेक्षा, उत्तरदायित्व, और रिश्तों का बोझ। लेकिन उन्होंने अपना 'मैं' नहीं त्यागा, अपनी 'महत्ता' नहीं छोड़ी।

आज की कई तथाकथित साध्वियाँ सार्वजनिक मंचों पर उपदेश देती हैं कि भोग एक भ्रम है, गृहस्थी एक बंधन है, स्त्री का असली रूप वही है जो भीतर मौन हो और बाहर समर्पण में हो। लेकिन जब वही साध्वी इंस्टाग्राम पर फ़िल्टर लगाकर वीडियो अपलोड करती है, जब वह अपने हर कार्यक्रम का विज्ञापन करवाती है, जब उसके आयोजनों में विशेष पास और वीआईपी दीर्घा होती है-तब यह सवाल उठता है कि यह आध्यात्म है या महज एक सफल जनसंपर्क योजना?

पुराने समय में साध्वी बनना साहस का काम था। एक स्त्री जब दुनिया से अलग होती थी, तो उसे हर कदम पर समाज से टकराना पड़ता था। आज, जब कोई कहती है-मैं अब साध्वी हूँ-तो उसकी हर सामाजिक आलोचना चुप हो जाती है। क्योंकि हम यह मान बैठे हैं कि जो स्त्री केसरिया पहन ले, सिर पर घूंघट रख ले, और संस्कृतनिष्ठ भाषा में बोले-वह अब "देवी" है, उससे सवाल नहीं किए जा सकते।

इस प्रवृत्ति में सबसे बड़ा संकट यह है कि यह स्त्रियों को एक नया पलायन राश्ता दे रही है-आत्म-निर्माण के नाम पर आत्म-दंभ की गली। वे ना तो घर की जिम्मेदारी उठाना चाहती हैं, ना कार्यक्षेत्र की स्पर्धा में उतरना चाहती हैं, ना परिवार, समाज या राजनीति से टकराना चाहती हैं। उन्हें चाहिए एक ऐसा क्षेत्र जहाँ वे पूजी जाएं, पर जांची ना जाएं। साध्वी बनना उस 'पावन छवि' का माध्यम बन गया है, जो न किसी से प्रश्न करवाती है, न उत्तर देने को बाध्य करती है।

जब कोई साधारण महिला मानसिक थकावट से जूझती है, तो उसे 'आराम करो', 'खुद को समय दो' जैसा कहकर चुप करा दिया जाता है। पर जब कोई कहती है 'मैं अब साध्वी बन गई हूँ', तो उसकी थकान को आध्यात्मिक महाकाव्य बना दिया जाता है। उसे मंच मिलता है, मीडिया का समर्थन मिलता है, और अनुयायियों की भीड़ बन जाती है।





यह साध्वी अब माइक पर बोलती है-'मैंने सब त्याग दिया', पर त्यागने के बाद जो मिला-वह कोई सामान्य गृहिणी कभी नहीं पा सकती। वह प्रवचन देती है, लेकिन कभी स्त्री अधिकार, सामाजिक न्याय, या आर्थिक समानता की बात नहीं करती, क्योंकि यह विषय उसके स्वनिर्मित आध्यात्मिक क्षेत्र को असुविधाजनक बना सकते हैं। वह किसी सरकार से नहीं टकराती, किसी असमानता पर नहीं बोलती, बस ध्यान, मन, आत्मा और जीवन का चक्र रचती रहती है।

इसे ही हम कह सकते हैं-"परिष्कृत भोग"। यह ऐसा भोग है जो सीधे भौतिक वश्तुओं में नहीं, पर ध्यान, सत्ता, मान्यता और प्रतिष्ठा के माध्यम से प्राप्त होता है। यह वासना नहीं, लेकिन 'विख्याति की भूख' जरूर है। इसमें श्रृंगार नहीं, परंतु आत्म-प्रदर्शन की आकांक्षा जरूर है। इसमें कोई व्यक्तिगत उत्तरदायित्व नहीं, पर सामूहिक नियंत्रण की छाया ज़रूर है।

समाज, विशेषकर पुरुष प्रधान मानसिकता, को यह भूमिका बेहद स्वीकार्य लगती है। उसे वह स्त्री नहीं चाहिए जो सवाल करे, विचार करे, संघर्ष करे। उसे चाहिए 'आज्ञाकारी साध्वी', जो धर्म की ओट में चुप रहे और 'शांतिपूर्ण अध्यात्म' का चेहरा बने रहे। ऐसे में साध्वी बनना एक सुरक्षित मंच बन जाता है-जो न केवल स्त्री को उसके भीतर के प्रश्नों से बचाता है, बल्कि समाज की अपेक्षाओं को भी पूर्ण करता है।

इसलिए आज की कई साध्वियाँ असल में 'त्यागिनी' नहीं, बल्कि ऐसी महिलाएँ हैं जो जीवन से थकी हैं, रिश्तों से टूटी हैं, समाज से असंतुष्ट हैं, और इस असंतोष को 'ईश्वर की खोज' में छुपा देती हैं। वे चाहती हैं कि उन्हें अब कोई कुछ न कहे, कोई अपेक्षा न रखे, लेकिन सब उनका सम्मान करें, सब उन्हें सुनें, सब उन्हें मानें। यह आध्यात्म नहीं, 'सामाजिक चतुराई' है।

इस आधुनिक अध्यात्म में त्याग के स्थान पर मंच है, तपस्या के स्थान पर लाइमलाइट है, और शांति के स्थान पर डिजिटल ग्लैमर है। यह ऐसा अध्यात्म है जहाँ मोक्ष तो अभी भी लक्ष्य बना है, लेकिन राश्ता अब यूट्यूब चैनल, इंस्टाग्राम लाइव और ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से तय किया जाता है।

इसलिए हमें यह समझना होगा कि त्याग केवल कपड़ों से, बालों से या वाणी से सिद्ध नहीं होता। उसका संबंध मन से, आचरण से और नीयत से होता है। जब तक साध्वी बनने की प्रक्रिया आत्ममंथन की नहीं, बल्कि आत्म-प्रदर्शन की बनी रहेगी, तब तक यह साध्वी संस्कृति असली साधना को निगलती रहेगी।

यह कोई विरोध नहीं, एक विनम्र आग्रह है-स्त्रियाँ अगर साध्वी बनती हैं, तो उन्हें सचमुच साधना करनी चाहिए। मंचों से उतर कर उन विषयों पर बोलना चाहिए जिनसे समाज डरता है। उन्हें केवल ध्यान नहीं, चिंतन और आंदोलन का राश्ता भी अपनाना चाहिए। क्योंकि अगर हर स्त्री साध्वी बन कर चुप हो जाएगी, तो वह परिवर्तन कौन लाएगा?

त्याग वह नहीं जो दिखे, त्याग वह है जो भीतर से किया जाए। और भोग केवल इन्द्रियों से नहीं होता, वह प्रशंसा, अहंकार और पहचान के माध्यम से भी आता है।

जब तक हम इस नये 'साध्वी ट्रेंड' को नहीं समझेंगे, तब तक आध्यात्म भी एक उद्योग, एक शैली, एक मार्केटिंग मॉडल बना रहेगा-जिसमें भोग त्याग के कपड़े पहनकर हर मंच पर मुस्कराता रहेगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन।सी।आर। प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन**: 9899683800 वेबसाइट : www lncrtoday lin **ई-मेल**: todayncr@gmail।com >> ncrtoday@hotmail।com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## ऋतु गर्ग बनी प्रगति किट्टी क्लब की तीज़ क्वीन

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

प्रगति किट्टी क्लब नगीना द्वारा नगीना धामपुर रोड स्थित रेस्टोरेंट में तीजोत्सव का कार्यक्रम बहुत ही



धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था श्रीमती सुमन सिंह एवं उनकी पुत्रवधू शुभांगी के द्वारा आयोजित की गई।

जिसमें विभिन्न प्रकार की क्विज प्रतियोगिता एवं गेम्स का सभी ने खूब मनोरंजन किया, साथ ही एक गेम के माध्यम से ऋतु गर्ग को तीज़ क्वीन चुना गया,और तीज़ क्वीन का ताज़ पहनाया गया। अलग-अलग प्रतियोगिताओं में क्लब की सभी सदस्यों ने पुरस्कार जीते। नगर समाज सेविका आशा माहेश्वरी, नीलम पारस, स्वाति, सरिता, ऋतु गुप्ता, नीलम साहू, कंचन अग्रवाल, मीनाक्षी, दीपा मित्तल, पूनम, किरन, प्रीति बंसल ने सावन के गीत गए एवं कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की।

## मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा के प्रतिनिधि ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम को ज्ञापन दिया

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० मुरादाबाद से मुलाक़ात कर दारापुर के नवनिर्मित बिजली घर को



सुचारू रूप से चालू करने के लिए कहा गया।जिस पर मुख्य अभियन्ता से चालू करने की अपील की। जिसपर मुख्य अभियन्ता जी ने एक्स न। मुरादाबाद से दारापुर बिजली घर के विषय में जानकारी ली।

मुख्य अभियन्ता ने प्रतिनिधि मंडल को बताया के अगश्त तक उसको सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने कहा शरीफ नगर में हो रही विद्युत कटौती को रोकने की भी अपील की। विद्युत कटौती के कारण किसानों गरीबों व क्षेत्र वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर मे मुख्य अभियन्‍ जी ने अस्वासन दिया कि शरीफ नगर की होने वाली विद्युत कटौती को बंद कर दिया जाएगा। मोके पर सांसद मुरादाबाद के प्रतिनिधि के रूप मे नईम अहमद युवा नेता तौहीद प्रधान पति गयासुद्दीन नवाब शरीफ अब्दुल सत्तार सलमानी, मोहम्मद तफसीर आलम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरकारी ज़मीन पर बार बार किया जा रहा है कब्जा

✷ एनसीआर टुडे. किरतपुर ✷

मंडी समिति के सामने स्थित बहुमूल्य सरकारी भूमि एक बार फिर से अतिक्रमण का शिकार हो गई है। कॉलोनाइज़रो द्वारा बार बार इस भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जबकि इससे पूर्व दो बार जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन द्वारा बुलडोज़र चलाकर अवैध निर्माण हटाया जा चुका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब प्रशासन द्वारा दो बार कार्रवाई की जा चुकी है, तो फिर कॉलोनाइज़र को तीसरी बार फिर से कब्जा करने की हिम्मत आखिर कहां से मिल रही है? यह सवाल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का यह भी आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही और जिम्मेदार विभागों की चुप्पी के कारण ही अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं। यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो इस जमीन पर स्थायी निर्माण हो जाने की आशंका है, जिससे शासन को भविष्य में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

## शेरकोट बच्चों से भरी बस पलटी 6 बच्चे गंभीर रूप से घायल

✷ एनसीआर टुडे. शेरकोट ✷

बच्चों को लेकर जा रही बाबू जी मेमोरियल स्कूल की बस अनियंत्रित होकर खाई मे जा पलटी। बस में मची चीख पुकार गांव के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बच्चों को बाहर निकाला।

हादसे में 6 से ज्यादा बच्चे घायल हुए हैं। इनमें से 5 बच्चों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसा शेरकोट में नया गांव और नंद गांव के बीच हुआ है।

बस चार गांवों के बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। तभी बेकाबू होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। घायल बच्चों में मंधौरा निवासी राहुल की 4 वर्षीय बेटी भव्या, 10 वर्षीय अराधना, 8 वर्षीय इशिका, सुनिया, आरजू और जीवांशु शामिल हैं।

# छांगुर ने सहयोगियों के साथ मिलकर जुटाई 106 करोड़ की संपत्ति

## ईडी की जांच पूरी... अब नजर अगले कदम पर

**बलरामपुर , एजेंसी।** बलरामपुर के उतरौला में बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय की जांच पूरी हो गई है। धर्मांतरण और देश विरोधी गतिविधियों के आरोपी छांगुर ने अवैध धर्मांतरण कराकर विदेशी फंड भी हासिल किया। उतरौला में उसकी करीब 106 करोड़ की संपत्तियों का पता चला है। ईडी ने जांच कर कुछ लोगों को जांच पूरे होने की पर्ची भी दी है। अब लोगों की निगाहें ईडी के अगले कदम पर टिकी हैं।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छांगुर के 14 ठिकानों पर गुरुवार को छापा मारा था। इनमें से 12 ठिकाने यूपी के बलरामपुर जिले के अतरौला जबकि दो महाराष्ट्र के मुंबई में हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, ईडी छांगुर के खिलाफ धर्मांतरण से जुड़े संभावित धनशोधन व विदेशी फंडिंग के पहलुओं की जांच कर रही है। इसी कड़ी में सबूत जुटाने के लिए सुबह पांच बजे छापे मारे गए। इस दौरान कई दस्तावेज व डिजिटल उपकरण कब्जे में लेकर जांच की गई।

ईडी ने 9 जुलाई को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छांगुर पर मुकदमा (ईसीआईआर) दर्ज किया था। जांच में छांगुर से जुड़े 40 बैंक खातों में 106 करोड़ रुपये होने का पता चला। इसमें ज्यादातर राशि पश्चिम एशिया के देशों से मिली है। अधिकारियों ने बताया कि जांच का उद्देश्य छांगुर से जुड़े व्यक्तियों व संगठनों की ओर से प्राप्त विदेशी चंदे के स्रोत और उसके अंतिम





उपयोग का पता लगाना है। संदेह है कि इन पैसों का इस्तेमाल धर्मांतरण में किया गया । ईडी ने मुंबई में शहजाद शेख उर्फ इलियास शेख के माहिम और ब्रांदा इलाके में स्थित ठिकानों को भी खंगाला है, जिसके खाते में एक करोड़ रुपये छांगुर ने भेजे थे। वहीं लखनऊ के चिनहट इलाके में छांगुर के मददगार सीजीएम बलरामपुर कार्यालय के बाबू राजेश उपाध्याय के आवास को भी खंगाला गया।

# तिरंगा चौक के नाम से जाना जाएगा अब नहटोर का हल्दौर चौराहा : ओमकुमार

✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷

नगर पालिका परिषद नहटौर प्रशासन ने हल्दौर चौराहे पर शुक्रवार को तिरंगा चौक के नाम से जानने के लिए हल्दौर चौराहे पर तिरंगा चौक बनवाया। जिस पर शुक्रवार को विधायक ओम कुमार पालिका अध्यक्षा पति ज़ैद रशीद ने संयुक्त रूप से लोकार्पण कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने कहा यह चौक नहटौर की एक सौंदर्य करण में पहचान बनाएगा।

नहटौर नगर पालिका प्रशासन ने नेहटौर का सौंदर्य करण चलाई जा रहे अभियान के तहत हल्दौर चौराहे का सौंदर्य करण करने के लिए कार्य योजना बनाकर उक्त चौराहे को तिरंगा चौक का रूप देकर उसका सौंदर्य करण कराया ।जिसका लोकार्पण भाजपा विधायक ओम कुमार पालिका अध्यक्षा पति ज़ैद रशीद अहमद ने शुक्रवार को अपने-अपने समर्थ के साथ तिरंगा झंडा लेकर जुलूस की शक्ल में हल्दौर चौराहे पर पहुंचे।

संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फैलाकर तथा तिरंगा चौक का लोकार्पण किया। राष्ट्रीय गान भी गाया गया।आयोजित कार्यक्रम में विधायक ओम कुमार ने कहा पालिका द्वारा नगर का सौंदर्य करण चलाई जा रही मुहिम में इस कार्य के करने से यह कार्य सौंदर्य करण की एक पहचान बनेगा। पहली बार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाया गया है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश का विकास करने के लिए कई



कल्याणकारी योजनाएं चलाकर जनमानस को सीधा लाभ दिलाने का कार्य कर रही है। साथ ही नहटौर विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ की लागत से कंपोजिट विद्यालय बनाने का काम प्रारंभ हो गया है। जो प्रदेश में केवल मात्र 57 विद्यालय अभी तक बने हैं। उन्होंने कहा शहर के विकास के लिए यहां का जनमानस पूर्ण सहभागिता करके शहर को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहयोग करें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शोभा रानी, क्षेत्रीय मंत्री विनिता शर्मा, उर्मिला पाल, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, पूर्व अध्यक्ष सिद्धांत जैन, पालिका सभासद विशाल हाशमी, रियासत उर्फ बोंटिस, विजेंद्र सिंह, अनिल चौधरी, नबील अहमद, नईम अल्वी, मुकेश गुप्ता, अतीक अहमद ,राम अवतार सैनी, सलीम मंसूरी, शमशीर पोंटिंग, अक़ील महिगीर, डॉ. श्रवण कुमार, अतीक अहमद आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षा चेयरपर्सन पति जेद रसीद तथा संचालन अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने किया।

## कीरतपूर के ग्राम भनेडां मे पागल बंदर का आतंक, मासूम को किया घायल

### गलियां अंधेरे मे डूबीं, खंड विकास अधिकारी से ग्रामीणों ने लगाई गुहार

✷ एनसीआर टुडे. किरतपुर ✷

किरतपुर कस्बे के ग्राम भनेडा मे काफी समय से पागल बंदर आतंक का कारण बना हुआ है, उक्त पागल बंदर आए दिन महिलाओं तथा बच्चो पर हमला कर क्षेत्र मे दहशत का कारण बना है। ताजा प्रकरण ग्राम भनेडा के रहने वाले मोहम्मद इदरीस की पांच वर्षोय पुत्री इनाया पर पागल बंदर ने हमला कर बुरी तरहां घायल कर दिया। उक्त पागल बंदर काफी समय से क्षेत्र मे मासूम बच्चो तथा महिलाओ पर हमला कर घायल कर चुका है जिसकी शिकायत ग्राम वासियो ने ब्लाक कीरतपुर मे की किंतु कोई कार्रवाई नही हुई ।

इसके अतिरिक्त ग्राम भनेडा मे स्ट्रीट लाइट की भी समस्या बनी हुई है, क्षेत्र की अनेको स्ट्रीट लाइटे खराब पडी है जिसके कारण गलियों मे अंधेरा पसरा रहता है जो लगातार दुर्घटनाओ का कारण बन रहा है ।

अजाद समाज पार्टी के नगीना विधानसभा क्षेत्र के संगठन मंत्री समाज सेवी मोहम्मद फैजान ने क्षेत्रीय लोगो के साथ खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उक्त पागल बंदर के आतंक से निजात दिलाने तथा कीरतपूर कस्बे के ग्राम भनेडा की अंधेरी गलियों की खराब पडी स्ट्रीट लाइटों को सही करवाने की मांग करते हुए कहा कि काफी समय से स्थानीय ग्रामीण ब्लाक मे उक्त दोनो समस्याओ को लेकर शिकायते कर रहे है किंतु प्रशासन ने कोई कार्रवाई नही की है।

## स्योहारा में तीन मंजिला इमारत दरकने से भय का माहौल फोटो



✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷

मोहल्ला शेखान वार्ड-20 स्योहारा में एक तीन मंजिला मकान की इमारत दरकने से अफरा-तफरी मच गई। मकान की दीवारों में गहरी दरारें आ गई हैं, जिसे देखकर आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। लोग आशंका जता रहे हैं कि यह इमारत कभी भी भरभराकर गिर सकती है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही दिल्ली के वेलकम इलाके में चार मंजिला इमारत गिरने से छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। अब स्योहारा की यह घटना भी वैसा ही बड़ा हादसा बन सकती है, यदि समय रहते कोई कार्रवाई न की गई तो कोई अप्रिय घटना घट भी घट सकती है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एहतियातन आस पास के मकानों को खाली किया जा रहा है, निकट किराने का गोदाम भी शामिल है।

सुरक्षा दृष्टि से उसे भी खाली कर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया हैं लोग अपने घरो को छोड़ने को मजबूर हैं और प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि जिम्मेदार अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर कोई ठोस कदम उठाएं। लोगों का आरोप है कि जर्जर भवन की शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हाजी सलीम कहना है कि उनका मकान पड़ोस में है मकान में चारों ओर दरारें आ गई हैं। नगर पालिका देवेंद्र बाबू का कहना है कि हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई।

## भाकियू टिकैत कार्यकताओं ने समस्याओं को लेकर SDM को ज्ञापन दिया



✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर नगीना उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया ज्ञापन में भाकियू कार्यकर्ताओं ने विद्युत समस्या, सड़कों के चौड़ी करण व रेलवे फाटक जैसी तमाम समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप सैकड़ो कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और उप जिलाधिकारी नगीना के कार्यालय में पहुंचकर एक ज्ञापन नगीना एसडीएम को सौप है। ज्ञापन में भाकियू कार्यकर्ताओं ने कुछ मांगे इस तरह की है।

नगीना बूंदकी नजीबाबाद मार्ग से लेकर हरबंशपुर धारम खुशहालपुर मठेरी मलकपुर, अब्दुल्ला होकर नहर की पटरी वाला मार्ग तकीपुर नरोत्तम होते हुए नगीना अकबरबाद मार्ग को जोड़ते हुए नगीना कोतवाली मार्ग को जोड़ता है इस इस मार्ग का कुछ भाग पीडब्लूडी से बना हुआ है।

यह मार्ग क्षतिग्रश्त है इसका चौड़ीकरण कर रोड को पूरी तरीके से बनाया जाए व इसी रोड पर आने वाले रेलवे फाटक सिंगल शिफ्ट यानी दिन के समय गेट सुबह 6 बजे से शाम 6बजे तक खुलता है इसके बाद यह फाटक रात भर बंद रहता है। जबकि इस क्षेत्र की आबादी को रोड से जोड़ने वाला एकमात्र यही मार्ग है इस फाटक का डबल शिफ्ट के लिए पहले भी भाकियू के द्वारा एक ज्ञापन दिया गया था। साथ ही साथ हरबंशपुर धारम में रामकली अमर सिंह वाले मंदिर पर राश्ते के लिए नहर की पुलिया बनवाने की भी मांग की गई है।

हरबंशपुर धारम से रामपुर लश्करी वाले राश्ते पर रखा ट्रांसफार्मर को भी बदलने की मांग की गई है। और भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने बताया है कि नगीना के मोहल्ला लालसराय वार्ड 2 के वाटर वर्क्स के पीछे गली का सड़क निर्माण होना है जो की अति आवश्यक है इन तमाम समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन उप जिलाधिकारी नगीना को सौंप कर जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण करने की अपील की है।

# बारिश से यूपी में बिगड़े हालात, सात लोगों की हुई मौत



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बारिश से हालात बिगड़ रहे हैं। इसके चलते बृहस्पतिवार को अलग-अलग स्थानों पर सात लोगों की मौत हो गई। इनमें प्रयागराज में चार, बांदा में दो और कानपुर में एक व्यक्ति शामिल है। प्रयागराज में 91 एमएम से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। दिन में गंगा का जलस्तर घटता बढ़ता रहा, जबकि यमुना का जलस्तर स्थिर रहा। गंगा और यमुना की तेज लहरों से जहां कई नावें डूब गई, वहीं काफी नावें बहाव के साथ काफी दूर चली गईं। इसके नाविकों का काफी नुकसान हुआ है।

मिर्जापुर में दो दिनों से भारी बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। पहाड़ी नालों और नदियों में उफान आने से बंधों के फाटक खोलने पड़े। सड़कों पर पानी भरने से यातायात ठप हो गया। कई गांवों का संपर्क टूट गया। अंडरपास में भरे पानी में कई वाहन फंसे रहे।

सहारनपुर में शिवालिक पहाड़ियों पर हो रही बारिश के चलते शाकंभरी, बादशाही, शफीपुर, खुवासपुर व शाहपुर गाडा सहित सभी नदियों में सुबह समय पानी का तेज बहाव आ गया। इसके चलते इन सभी नदियों एवं रपटों से गुजरने वाले मार्गों पर घंटों आवागमन बंद रहा। सिद्धपीठ में भी सभी श्रद्धालुओं को भूरादेव पर ही रोक दिया गया। चित्रकूट में बृहस्पतिवार को 105 मिमी. बारिश से एक बार फिर बाढ़ की स्थिति बन गई। मंदाकिनी शाम को पांच बजे तक खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर बह रही थी।

### दक्षिणी यूपी और बुंदेलखंड में आज भी बारिश की चेतावनी

प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में बुधवार और बृहस्पतिवार के दौरान आफत वाली मानसूनी बारिश हुई। कई इलाकों में गरज चमक के साथ भारी बारिश और जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बृहस्पतिवार को मिर्जापुर के चुनार में सर्वाधिक 240 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं प्रयागराज में 209 मिमी, जौनपुर में 142 मिमी, सोनभद्र में 100 मिमी और वाराणसी में 92.2 मिमी बारिश रिकार्ड हुई। मौसम विभाग की ओर से बृहस्पतिवार और शुक्रवार के दौरान प्रदेश के प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, झांसी, ललितपुर, महोबा में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। कानपुर, मथुरा, आगरा समेत 10 अन्य जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी है।

### बिजली कहां गिरेगी, छह घंटे पहले बताएगा एएमयू

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) अब छह घंटे पहले ही बता देगा कि किस इलाके में बिजली गिरने वाली है। इसके लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एएमयू के भूगोल विभाग में एक उपकरण लगाया है। इसमें लगे ट्रांसमीटर और सेंसर बादलों के बीच होने वाली हलचल पर नजर रख रहे हैं और इसकी जानकारी इसरो को दे रहे हैं। परियोजना समन्वयक एवं एएमयू प्रोफेसर अतीक अहमद ने बताया कि पांच नवंबर 2024 को इसरो और एएमयू के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर हुए थे। यह 300 किलोमीटर के दायरे में आने वाले जिलों पर नजर रख रहा है।

# यही सिखाते हैं, अपने प्रवचन में, अखिलेश पर अनिरुद्धाचार्य की टिप्पणी, भड़कीं सपा सांसद प्रिया सरोज

**जौनपुर , एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और अनिरुद्धाचार्य महाराज के बीच जुबानी विवाद पर जौनपुर की मछलीशहर की सपा सांसद प्रिया सरोज ने एक्स पर पोस्ट कर मामले का गर्मा दिया है।

उन्होंने लिखा, जब एक बाबा कृष्ण जी का नाम बताने में असफल हो जाता है तो अपनी छवि सुधारने के लिए वे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम हिंदू-मुस्लिम से जोड़कर देश-प्रदेश का माहौल खराब करते हैं। यही सिखाते हैं, ये अपने प्रवचन में।

उन्होंने अनिरुद्धाचार्य की फोटो भी पोस्ट की है। सांसद के इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। कुछ यूजर्स ने इसे सत्य और साहस की आवाज बताया तो कुछ ने इसे संत समाज के खिलाफ बयान करार दिया।

सांसद प्रिया सरोज की पोस्ट को राजनीतिक गलियारों में अनिरुद्धाचार्य पर सीधा निशाना माना जा रहा है। उन्होंने पोस्ट में यह भी संकेत दिया है कि धार्मिक मंचों से समाज को बांटने वाली बातें की जा रही हैं, जो भारतीय लोकतंत्र और सांस्कृतिक समरसता के खिलाफ है। उनकी यह पोस्ट ऐसे समय पर आई है, जब अनिरुद्धाचार्य महाराज और अखिलेश यादव के वायरल वीडियो और टिप्पणियों ने राजनीति को गर्मा दिया है।







### आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला

बीते दिनों सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का अनिरुद्धाचार्य महाराज के साथ एक काफी पुराना वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में अखिलेश यादव ने अनिरुद्धाचार्य महाराज से पूछा कि मां यशोदा ने भगवान कृष्ण को सबसे पहले किस नाम से पुकारा था? मतलब, भगवान कृष्ण का पहला नाम पूछते नजर आ रहे हैं। अनिरुद्धाचार्य ने इसका जवाब देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण को बहुत सारे नामों से पुकारा जाता था, उनकी मां ने उन्हें पहले कन्हैया कहकर पुकारा था। इस पर अखिलेश ने कहा कि बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं, आगे अखिलेश यादव ने कहा कि बस यहीं आपका और हमारा रास्ता अलग-अलग हो गया। इसके साथ ही अनिरुद्धाचार्य को शूद्र शब्द का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह भी देते दिखाई दिए।

### अनिरुद्धाचार्य महाराज ने मामले को मुसलमानों से जोड़ा

अब मामले पर 16 जुलाई को प्रतिक्रिया देते हुए अनिरुद्धाचार्य महाराज ने इसे मामले को मुसलमानों से जोड़ दिया। उन्होंने पूर्व सीएम अखिलेश का नाम लिए बगैर हमला बोला। उन्होंने प्रवचन के दौरान कहा कि यूपी के एक पूर्व मुख्यमंत्री मेरे से कहते हैं आपका रास्ता अलग और मेरा रास्ता अलग, क्यों, क्योंकि मैंने उनके पूछे गए प्रश्न का उनके मनमुताबिक उत्तर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मैंने वही उत्तर दिया जो सच है। वो मुसलमानों से नहीं कहते कि तुम्हारा रास्ता अलग, हमरा रास्ता अलग, वो मुसलमानों से नहीं कहते हैं कि जो तुम्हारा रास्ता है वही हमारा रास्ता है।

## चौथे टेस्ट से पहले मैनचेस्टर में दिखे विराट कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लॉर्ड्स टेस्ट में हार के बाद टीम इंडिया जहां मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट जीतने के लिए जोरदार तैयारी कर रही है, वहीं सोशल मीडिया पर विराट कोहली एक बार फिर छा गए हैं. भले ही विराट अब टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं, लेकिन इंग्लैंड में उनका जलवा कम नहीं हुआ है. चौथे टेस्ट से ठीक पहले मैनचेस्टर में विराट कोहली की मौजूदगी ने फैंस को हैरान कर दिया है. दरअसल, वो खुद मैनचेस्टर नहीं पहुंचे हैं, लेकिन उनका विशाल पोस्टर ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम की दीवारों पर नजर आया है. इस पोस्टर में विराट के साथ साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और ओपनर स्मृति मंधाना की भी तस्वीरें लगी हैं.

यह पोस्टर इंग्लैंड और भारत के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के प्रमोशन के लिए लगाया गया है. इसके साथ ही इस पोस्टर में भविष्य में होने वाले मैचों की तारीखें भी दी गई हैं. विराट कोहली की तस्वीर ने फैंस को रोमांचित कर दिया है और इंग्लैंड में उनकी लोकप्रियता एक बार फिर साबित हुई है.

### मैनचेस्टर में टीम इंडिया का रिकॉर्ड परेशान करने वाला

जहां विराट कोहली का चेहरा मैनचेस्टर में चमक रहा है, वहीं टीम इंडिया का प्रदर्शन इस स्टेडियम में काफी निराशाजनक रहा है. भारत ओल्ड ट्रैफर्ड में अब तक 9 टेस्ट मैच खेल चुका हैं, लेकिन टीम को एक भी जीत नसीब नहीं हुई है. इनमें से 4 मैच हारे हैं और 5 मैच ड्रॉ रहे हैं. इस मैदान पर सिर्फ आठ भारतीय बल्लेबाज ही शतक बना पाए हैं. आखिरी बार सचिन तेंदुलकर और मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में इस मैदान पर शतक जड़ा था. विराट कोहली जैसे दिग्गज भी इस मैदान पर कभी शतक नहीं बना पाए हैं. साल 2021 में विराट ने इसी मैदान पर भारत की कप्तानी भी की थी, लेकिन उस मुकाबले में भी भारत को हार का सामना करना पड़ा था.

## प्रतीका रावल और इंग्लैंड टीम पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय विमेंस टीम की ओपनर प्रतीका रावल पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है। जबकि इंग्लैंड टीम स्लो ओवर रेट के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रावल पर यह जुर्माना बुधवार को साउथम्पटन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा। उन्हें आईसीसी के अनुच्छेद 2.12 का दोषी पाया गया है। यह नियम खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या दर्शक के साथ अनुचित व्यवहार शामिल है। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं के कारण यह कार्रवाई हुई। 18वें ओवर में रन लेते समय उन्होंने गेंदबाज लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया। इसके बाद, अगले ओवर में आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय उन्होंने गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के साथ भी ऐसा ही अनुचित संपर्क किया। प्रतीका रावल रन लेने के दौरान लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया।

### इंग्लैंड निर्धारित समय से एक ओवर पीछे थी

वहीं, इंग्लैंड महिला टीम पर धीमी ओवर-रेट के लिए 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया इंग्लैंड की टीम निर्धारित समय में एक ओवर पीछे थी। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर की कमी के लिए खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगता है।

रावल और इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की सदस्य सारा बार्टलेट की ओर से प्रस्तावित सजा को मंजूर कर लिया। इसलिए, औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

**डूरंड कप:**

# पांच राज्यों में खेले जाएंगे मैच और 24 टीमें लेंगी हिस्सा

**कोलकाता, एजेंसी।** इस वर्ष प्रतियोगिता का कुल इनामी राशि 3 करोड़ तक बढ़ा दिया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उद्घाटन मैच 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाइटेड के बीच युवभारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में खेला जाएगा। फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा। एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता डूरंड कप इस वर्ष नए रिकॉर्ड और भव्य आयोजनों के साथ होने जा रही है।

गुरुवार को कोलकाता के एओआई विजय दुर्ग में आयोजित ट्रॉफी अनावरण समारोह के दौरान 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के आयोजन समिति ने इसकी घोषणा की। इस वर्ष प्रतियोगिता का कुल इनामी राशि 3 करोड़ तक बढ़ा दिया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उद्घाटन मैच 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाइटेड के बीच युवभारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में खेला जाएगा। फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा।

### तीन ट्रॉफी का अनावरण

इस अवसर पर प्रतियोगिता की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों डूरंड कप, शिमला ट्रॉफी (1904 से) और प्रेसिडेंट्स कप (स्थायी रूप से विजेता के पास रहता है) का अनावरण किया गया। कार्यक्रम



में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप विश्वास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उनके साथ थे आईएएस राजेश कुमार सिन्हा, आयोजन समिति के चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा और उपाध्यक्ष, डूरंड आयोजन समिति मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे उपस्थित थे।

इस मौके पर पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप विश्वास अरूप विश्वास ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उद्घाटन और 23 अगस्त को फाइनल मुकाबले में मौजूद रहेंगी। चार बड़े क्लब मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, मोहम्मडन एससी और डायमंड हार्बर एफसी के लिए 5000-5000 टिकट आरक्षित किए गए हैं, ताकि प्रशंसकों की भागीदारी अधिकतम हो सके।

### खर्च हो रहे हैं 15 करोड़: सिन्हा

इस मौके पर आईएएस राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, डूरंड कप ने पिछले छह वर्षों में कोलकाता में फिर से अपनी गरिमा प्राप्त की है। राज्य सरकार ने आयोजन के लिए 15 करोड़ खर्च किए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में सभी विभागों का सहयोग सराहनीय है।

### इनामी राशि 3 करोड़ से अधिक, तीन को एसयूवी: मल्होत्रा

लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने घोषणा की कि इस बार 3 करोड़ से अधिक इनामी राशि रखी गई है, जो पहले के 1.2 करोड़ से कहीं अधिक है। तीन व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को एसयूवी गाड़ियां दी जाएंगी। यह भारतीय फुटबॉल प्रतिभाओं को सम्मान और प्रोत्साहन देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 24 टीमें, छह समूह में बंटी हैं: मोघे

खेल के बारे में जानकारी देते हुए मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे ने कहा, प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट फॉर्मेट में होगी। 24 टीमें, छह समूहों में बंटी हैं, और देश के पांच राज्यों में खेलेंगी।

### डूरंड कप 2025 के मैच देश के 5 राज्यों में आयोजित होंगे

बंगाल की राजधानी कोलकाता के युवभारती और किशोर भारती स्टेडियम, कोकराझार (असम) मणिपुर (इंफाल), मेघालय (शिलांग) और झारखंड के जमशेदपुर में मैच खेले जाएंगे। कोलकाता में होंगे 15 लीग मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा एक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और 23 अगस्त को फाइनल मैच खेला जाएगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ भारत कर सकता है सीरीज बराबर : मोहम्मद कैफ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने युवा भारतीय टीम का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया इंग्लैंड में चल रही टेस्ट सीरीज में वापसी कर सकती है। उन्होंने ये भी माना कि हार के बाद घबराहट से टीम का लय बिगड़ सकता है। के साथ खास बातचीत में कैफ ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, मोहम्मद शमी और आर. अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद भारतीय टीम की मजबूती की तारीफ की और कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व और बल्लेबाजी की सराहना की। कैफ ने टीम के सिलेक्शन की वकालत की और टीम प्रबंधन को हार के बाद जल्दबाजी में फैसले न लेने की सलाह दी। उन्होंने करुण नायर जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा और मौजूदा प्लेइंग इलेवन को समर्थन देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आपने चार दिन तक अच्छा क्रिकेट खेला और पांचवें दिन हार गए। इसका मतलब यह नहीं कि आप अपनी योजनाएं बदल दें।

कैफ ने जसप्रीत बुमराह के अगले महत्वपूर्ण टेस्ट में खेलने की संभावना और बल्लेबाजी टीम के फॉर्म में होने पर कहा, 2-2 से सीरीज बराबर होने की अच्छी संभावना है, भारत को बस शांत रहकर समझदारी से खेलना होगा। सीरीज में भारत के प्रदर्शन पर कैफ ने कहा, भारत ने पिछले 15 में से 12-13 दिन तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार क्रिकेट खेला। जब यह टीम इंग्लैंड पहुंची, तो ज्यादातर लोग 0-4 या 1-4 से हार की भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन इस युवा टीम ने सभी को चौंका दिया। कोहली, रोहित, शमी और अश्विन के बिना इस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

# जडेजा को कोस रहे लोगों को गौतम गंभीर ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पीछे चल रही है. 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में टीम इंडिया सीरीज बराबरी करने के इरादे से उतरेगी.

इसके लिए खिलाड़ी मैदान पर जमकर पसीना बहा रहे हैं. इस बीच टीम के हेड कोच गौतम गंभीर का ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रिलीज किया है, जिसमें वो टीम इंडिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की तारीफ कर रहे हैं और उनको कोस रहे लोगों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं. लॉर्ड्स टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा था.

### बीसीसीआई ने रिलीज किया वीडियो



### गौतम गंभीर ने क्या कहा?

लॉर्ड्स टेस्ट मैच में हार के बाद बीसीसीआई ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें टीम इंडिया के हेड कोच खिलाड़ियों से बात करते हुए रवींद्र जडेजा की तारीफ कर रहे हैं. गंभीर ने कहा, उन्होंने अविश्वसनीय लड़ाई लड़ी, जड्डू ने जो संघर्ष किया, वाकई में बहुत शानदार पारी थी. रवींद्र जडेजा ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 61 रनों की पारी खेली थी.

टीम इंडिया 193 रनों का पीछा करते हुए टीम इंडिया 170 रनों पर ऑल आउट हुई, लेकिन जडेजा नाबाद रहे थे.

### सिराज ने भी की तारीफ

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी रवींद्र जडेजा की तारीफ की है. उन्होंने कहा, जड्डू भैया जैसा खिलाड़ी मिलना मुश्किल है. फील्डिंग, बॉलिंग और बैटिंग हर चीज में उन्होंने खुद को बेहतर किया है. वो टीम के लिए मुश्किल हालात में रन बनाते हैं.

हम लकी हैं कि हमारे पास उनके जैसा खिलाड़ी है. लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर आखिरी विकेट के लिए 13.2 ओवर 23 रनों की साझेदारी की थी, लेकिन शोएब बशीर ने सिराज को आउट करके इंग्लैंड को 22 रनों से जीत दिला थी. रवींद्र जडेजा की इस शानदार पारी की असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने भी सराहना की.

### जडेजा ने डिफेंस को मजबूत किया

टीम इंडिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की तारीफ करते हुए टीम के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने कहा कि उनकी बैटिंग अलग ही लेवल पर पहुंच चुकी है. पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने कमाल की बैटिंग की. उनका डिफेंस अब बहुत मजबूत दिखता है, वो अब एक प्रॉपर बल्लेबाज जैसे नजर आ रहे हैं.

## पंत मैनचेस्टर में विकेटकीपिंग नहीं कर सकते तो बतौर बल्लेबाज न खेलें: शास्त्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के उप-कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टीम के उप-कप्तान को तब तक एक बल्लेबाज के रूप में नहीं खेलना चाहिए, जब तक कि वह चौथे टेस्ट से पहले मैच के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी लेने के लिए आश्वस्त न हो जाएं। तीसरे टेस्ट में पंत ने 74 और 9 रन की पारी खेली थी। खेल के दौरान उन्हें बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। वह मैच के बाकी समय विकेटकीपिंग नहीं कर पाए। उनकी अनुपस्थिति में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। शुक्रवार को आईसीसी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अगर पंत विकेटकीपिंग नहीं कर सकते तो उन्हें विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर मैदान में उतरना चाहिए, क्योंकि उन्हें क्षेत्ररक्षण करना होगा, और अगर वह क्षेत्ररक्षण करते हैं, तो स्थिति और खराब हो जाएगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि दस्तानों के साथ कम से कम कुछ सुरक्षा तो मिलती है। बिना दस्तानों के, अगर उन्हें कोई ऐसी चीज लग जाती है जो उन्हें चुभती है, तो यह बहुत अच्छा नहीं होगा। इससे चोट और बिगड़ जाएगी। चौथे टेस्ट के लिए टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा था कि पंत खेलने के लिए फिट होंगे। गुरुवार को टीम के अभ्यास सत्र के दौरान, सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने कहा था कि टीम पंत को मैनचेस्टर में मैदान पर उतरने के लिए पूरी तरह से फिट होने और ठीक होने के लिए जितना हो सके उतना समय दे रही है। शास्त्री ने कहा कि जब आप अगले टेस्ट के लिए टीम चुनेंगे, तो उन्हें विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों करनी होंगी। वह दोनों में से एक नहीं कर सकते। बेहतर होगा कि वह पूरी तरह से फिट हों। अगर उनकी चोट गंभीर नहीं है तो मुझे लगता है कि वह खेलेंगे। अभी टेस्ट मैच शुरू होने में कुछ दिन बाकी हैं। वह ठीक हो जाएंगे।



**इंडिया-इंग्लैंड- अंडर-19**

## वैभव-आयुष करेंगे ओपन, दूसरे टेस्ट के लिए इंडिया 19 की प्लेइंग इलेवन, टेस्ट सीरीज जीतने का मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया अंडर 19 क्रिकेट टीम और इंग्लैंड अंडर 19 क्रिकेट टीम के बीच 2 मैचों की यूथ टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का दूसरा यानी आखिरी मैच 20 जुलाई से काउंटी ग्राउंड, चेम्सफोर्ड में खेला जाएगा। भारतीय समय के मुताबिक ये मैच दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

### इंडिया के पास टेस्ट सीरीज जीतने का मौका

आयुष महात्रे की कप्तानी में इंडिया ने पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम जीतने की स्थिति में भी थी, लेकिन आखिरी दिन भारतीय गेंदबाज विरोधी टीम के सभी 10 विकेट लेने में विफल रही थी और मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ था। इंडिया का जिस तरह का प्रदर्शन पहले मैच में रहा उसके बाद इस टीम के पास इस टेस्ट सीरीज को अपने नाम करने का अच्छा मौका है। पहले टेस्ट मैच में इंडिया के बल्लेबाजों व गेंदबाजों ने इंग्लैंड पर अपना शिकंजा पूरे मैच के दौरान कसे रखा था और एक समय पर ऐसा लग रहा था कि टीम जीत जाएगी, लेकिन मेजबान टीम ने मैच किसी तरह से ड्रॉ करा लिया। हालांकि इस टीम के कुछ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और ये टीम भी जीत के साथ सीरीज का अंत करना चाहेगी, यानी दोनों टीमों के बीच दूसरे मैच में कड़ी टक्कर होने की पूरी उम्मीद है।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन में बदलाव की संभावना कम

दूसरे टेस्ट मैच के लिए जहां तक भारतीय प्लेइंग इलेवन की बात है तो इसमें शायद ही कोई बदलाव किया जाए। भारत के लिए पारी की शुरुआत वैभव और आयुष करेंगे। ये दोनों अच्छी लय में हैं और पहले टेस्ट में वैभव ने दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया था जबकि कप्तान आयुष ने पहली पारी में शतक लगाया था। विहान तीसरे नंबर पर रहेंगे जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक लगाया था।

बल्लेबाजी क्रम में इनके बाद मौल्यराज सिंह चावड़ा, राहुल कुमार और फिर अभिज्ञान कुंडू होंगे। पहले टेस्ट में मौल्यराज ने निराश किया था और दोनों पारियों में बड़ा स्कोर नहीं कर पाए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें प्लेइंग इलेवन में रखा जा सकता है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो इसमें अंबरीश, एनान, दीपेश, हेनिल और अनमोलजीत सिंह होंगे।

## ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर

**लंदन, एजेंसी।** ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया। महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी द्वारा भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गयी है।



आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, 'वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं। अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

## 301 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने अचानक किया संन्यास लेने का ऐलान, फैन्स में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लूस्टरशायर के दिग्गज गेंदबाज टॉम स्मिथ ने टी-20 ब्लास्ट में अपनी टीम के अभियान की समाप्ति के साथ ही पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी. चेल्टेनहैम कॉलेज में विटैलिटी ब्लास्ट में ससेक्स शार्क्स के खिलाफ ग्लूस्टरशायर का मैच उनका आखिरी मैच होगा.

टॉम स्मिथ ने 2015 में टीम के रॉयल लंदन वनडे कप और पिछले सीजन में टी-20 ब्लास्ट जीतने में अहम भूमिका निभाई थी. वह क्लब के लिए टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं. ग्लूस्टरशायर के लिए टॉम स्मिथ ने करियर की शुरुआत 12 साल पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ हुए एक अभ्यास मैच से की थी. क्लब के लिए सभी प्रारूपों में वह अब तक 301 विकेट ले चुके हैं. टी20 में उनके नाम 154 विकेट दर्ज हैं. क्लब की वेबसाइट के लिए लिखे एक पत्र में स्मिथ ने



लिखा, ऐसा लगता है कि यह सही समय है. पिछले कुछ सीजन में, मुझे खेलने के साथ-साथ कोचिंग करियर बनाने का सौभाग्य मिला है और अब मैं उस पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार हूं. उन्होंने लिखा, ग्लूस्टरशायर का मुझ पर विश्वास करने के लिए शुक्रिया. पिछले 13 सीजन मेरे और मेरे परिवार, दोनों के लिए बेहद खास रहे हैं. क्लब को डिवीजन वन में पहुंचाने से लेकर दो व्हाइट-बॉल ट्रॉफी जीतने तक, ये क्रिकेट के मैदान पर मेरे सबसे बेहतरीन दिन रहे हैं. ग्लूस्टरशायर के मुख्य कोच मार्क एलेन ने स्मिथ के पूरी तरह से कोचिंग की भूमिका में आने पर बधाई दी. एलेन ने कहा, टॉम ने 50 से ज्यादा प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने व्हाइट-बॉल क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा, कोचिंग में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए, हमें पूरा विश्वास है कि वह उसी ऊर्जा और कौशल के साथ आगे बढ़ेंगे.